हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार, 28 दिसंबर 2024



## तलवार दिखाकर धमकाया, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में चाकू बाजी की घटनाएं बढने लगी है बीती रात जय स्तंभ चौक के पास तालवार लेकर आरोपी ने डरा धमका कर एक व्यवसायी से मारपीट किया इस मामले में आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वही आज दोपहर शहर के नए बस स्टेण्ड में चाकू बाजी की घटना में एक युवक घायल हो गया। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।



शहर में चाकू बाजी की बढती घटनाओं से लोगों में भय व्याप्त होने लगा है। बीती रात शहर के जय स्तंभ चौक के पास चाकू लेकर एक फल व्यवसायी से मारपीट करने के मामले से आस पास के क्षेत्र में भय व्याप्त हो गया था। आरोपियो के कब्जे से एक लोहे का धारदार तलवार किया गया जब्त। इस मामले में पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर आरोपी शिवम सिन्हा उर्फ चार्ली उम्र 25 साल साकिन शंकरपुर को रात्रि में ही घेराबंदी कर पकडा। आरोपी से घटना में प्रयुक्त एक लोहे का धारदार तलवार को जब्त कर प्रकरण में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट समाहित किया गया। आरोपी को आज 27 दिसंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड मे भेजा गया। माननीय न्यायालय से जेल वारंट प्राप्त होने से जिला जेल राजनांदगांव दाखिल किया गया।

इधर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ही शुक्रवार को शहर के नए बस स्टेण्ड शुलभ शौचालय के पास दोपहर लगभग तीन बजे कृष्णा बासफोड नामक युवक से आरोपी द्वारा मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर घायल कर दिया। इस घटना से आस पास के लोगों में भय व्याप्त हो गया था। बताया गया कि घटना के बाद आरोपी फरार हो गया। घायल युवक को उपचार हेतु मेडिकल कालेज में भर्ती किया गया है। पुलिस इस मामले की जांच करते हुए आरोपी की पता साजी कर रही है।

### फल व्यवसायी से मारपीट

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी इंद्रजीत यादव उम्र 41 वर्ष ने थाना रिपोर्ट दर्ज कराया कि 26 दिसंबर को रात्रि 9 बजे घटना स्थल त्रिपदा फैशन के नीचे जय स्तंभ चौक राजनांदगांव में स्थित उसके मामा राम बहादूर यादव के फल दुकान के पैसे का हिसाब किताब कर रहा था। उसी दौरान एक लड़का आया और बिना किसी कारण के गाली गलौच करते हुए जान से मार दूंगा बोलकर हथियार से हमला किया। जिससे बांये हाथ के बांह में चोट आया तथा मामा राम बहादूर के साथ झूमाझपटी करने से बांये पैर के पिडली में चोट आया, उसके बाद भाग गया, भागते समय वह व्यकित अपना नाम चार्ली है बोल रहा था बताया। रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 296, 115 (2), 351 (2) बीएनएस कायम कर विवेचना मे लिया गया।

## आवागमन व्यवस्थित करने चली मुहिम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- आयुक्त ने ठेले, खोमचे व दुकानदारों को दी समझाईश

नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा आज कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा, सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, उप अभियंता अनुप पाण्डे सहित अतिक्रमण दस्ता के साथ नगर निगम के सामने से दिग्विजय स्टेडियम तक पैदल भ्रमण कर दुकानदारों द्वारा दुकान के बाहर पार्किंग स्थल पर समान रखने तथा शेड बाहर निकाल कर रेलिंग लगाकर समान रखकर व्यवसाय करने पर समान अंदर कराने व शेड निकालने, रेलिंग हटाने की कार्यवाही करने के साथ साथ समान दुकान के अंदर रखने की समझाईस दिये तथा ठेला, खोमचा वालों को ठेला के अलावा पसरा फैलाकर समान नही रखने समझाईस दी। साथ ही उन्होंने इस प्रकार शहर में सड़क में समान रख अव्यवसाय करने वाले, अतिक्रमण/अवैध कब्जा करने वाले के विरूद्ध कार्यवाही करने तकनीकि अधिकारियों व कर्मचारियों का सयुक्त दल गठन किया है।

इसी प्रकार दिग्विजय स्टेडियम के समाने की दुकानों के सामने हाईवे रोड में लगे शेड हटाने कहा तथा पंचमुखी पराठा व होटल द्वारा गंदगी फैलाने पर 3 हजार रूपये जुर्माना लगाये। इसी प्रकार गुरूद्वारा चौक,बस स्टैण्ड, लालबाग एवं स्टेडियम रोड के फल, सब्जी ठेला व दुकानदारों व हरिओम नर्सरी द्वारा साफ सफाई का अभाव व झिल्ली पन्नी का उपयोग करने पर 4 हजार 8 सौ कुल 7 हजार 8 सौ रूपये जुर्माना वसुला गया।

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

24 घंटे आपात चिकित्सा
- एक्सीडेंट
- जहर का सेवन
- लीवर फेलयर
- किडनी फेलयर
- हार्ट अटैक
- ब्रेन हेमरेज
- पीलिया • लकवा

स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
- बच्चेदानी का ऑपरेशन
- बांझपन का ईलाज
- मासिक धर्म की अनियमितता का ईलाज
- गर्भाशय संबंधी सभी प्रकार के रोगों का ईलाज
- नार्मल व सीजिरियन डिलीवरी मात्र 10000/-

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

युगांतर पब्लिक स्कूल
वार्षिकोत्सव
नवरंग
A Unique Presentation at Yugantar
दिनांक – 28 दिसम्बर 2024, शनिवार
समय – अपरान्ह 03:30 बजे से
स्थान – युगांतर स्कूल परिसर
अतिथियों एवं अभिभावकों का हार्दिक अभिनंदन

मुख्य आकर्षण
- Chhavaa
- Kohra
- Hindi Drama (Budhi Kaki)
- Sadma
- Bhool Bhulaiya
- C.G. Folk
- Kalkee
- Kings of Bollywood
- Carnival
- Harry Potter
- UV Light

यह कार्यक्रम केवल आमंत्रित अतिथियों एवं अभिभावकों के लिए आयोजित है

ADMISSIONS OPEN
Classes - Pre-Nursery to IX & XI
SESSION 2025-26
YUGANTAR PUBLIC SCHOOL
A DAY BOARDING CUM RESIDENTIAL SCHOOL
Gram-Parri, GE Road, Rajnandgaon, Chhattisgarh-491441.
+91-9302763200, +91-9302763100 www.yugantarschool.com yugantar.school@gmail.com



## खबर संक्षेप

### सामान्य ज्ञान स्पर्धा 29 को

**जेवरतला रोड।** मोनू डिजिटल लाइब्रेरी टटेंगा में 29 दिसंबर को 11 बजे से सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। स्पर्धा में स्कूल एवं ओपन लेवल के प्रथम पांच स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं अन्य को सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा। यह जानकारी भरतलाल एवं जयदेव सिन्हा ने दी।

### रामायण पाठ 29 को

**जेवरतला रोड।** ग्राम गंधरी में नव चेतना उत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 29 दिसंबर को हनुमान मंदिर परिसर में अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया है। आगामी 31 दिसंबर को मड़ई मेला का आयोजन रखा गया है। रात्रि में लोगों के मनोरंजन के लिए नव किरण नाच पार्टी भंडारपुर की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी नोमित निषाद एवं महेश मानिकपुरी ने दी।

### एकजुटता से ही समाज का विकासः घासी




**छुरिया।** अखिल भारतीय आदिवासी हल्बा हल्बी समाज ने बैरागीभेड़ी में गुरुवार को शक्ति दिवस धूमधाम के साथ मनाया। शुरुवात में मां दंतेश्वरी की पूजा अर्चना किया गया। पूजा के बाद कलश यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि घासी राम साहू थे। इस मौके पर श्री साहू ने कहा कि समाज में एकता, भाईचारा और परंपराओं को सहेजते हुए संगठन को मजबूत बनाना है। एकता और अखंडता के लिए सभी को मतभेद और मनभेद भूलना होगा। इस अवसर पर भगवानसिंह, सेउक, रामलाल साहू, हेतराम साहू, संजय सिन्हा, नैनसिंह पटेल, अशोक मरकाम, मनीष ठाकुर, भगवानसिंह गोर्रा, गंगाराम पाटिल, दीपचंद खड़हा, सेवाराम पाटिल, नारद रावटे सहित अन्य मौजूद थे।

### सत्य के बिना जीवन का कल्याण नहीं



**डोंगरगाव।** अंचल के विभिन्न गांवों में गत दिनों सतनाम पंथ के प्रवर्तक गुरू घासी बाबा की जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य जागृति चुन्नी यदु सम्मिलित। ग्राम सांगिनकछार, लक्ष्मीनगर, साल्हे, अरसीटोला एवं माथलड़बरी में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करते हुए श्रीमती यदु ने लोगों को जयंती की बधाई देते हुए कहा कि सभी को बाबा के आदर्श और सत्य की राह पर चलना चाहिए क्योंकि इसके बिना किसी का कल्याण संभव नहीं है। अध्यक्षता लोक गायक कांति कार्तिक ने की। विशेष अतिथि केआर यादव, ग्राम प्रमुख दुष्यंत पटेल, टुमन साहू, चिंतु पटेल, कामता साहू, लखन पटेल, प्रेम सिन्हा, देवप्रकाश पटेल, चंदनदास जांगड़े, मीनाक्षी यादव, राजकुमारी देवांगन, अनिता भोईर, द्वारकादास जांगड़े, सुखराम जांगड़े थे। आयोजन में बड़ी संख्या में सामाजिक एवं ग्रामीणजन शामिल हुए।

### पावर लिफ्टिंग में जीतेश ने जीते 4 पदक



**मुरमुंदा।** पेंड्रा में गत दिनों राज्य स्तरीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में मुंदगांव के जीतेश साहू ने भाग लेकर 3 गोल्ड, 1 सिल्वर मेडल जीता। जीतेश ने 59 किलो वर्ग में स्कॉर्ट, ब्रेच प्रेस और डेडलिफ्ट में 390 किलो उठाकर 3 गोल्ड और 1 सिल्वर मेडल जीता। जीत के बाद जीतेश का नेशनल स्पर्धा के लिए चयन हुआ है। तुमडीबोड के सरपंच टीकम पटेल, अजय जैन, राजेश विश्वकर्मा, अभय कोष आदि ने उसे बधाई दी है।

### कथा के श्रवण से जीवन में सुधार



**खुज्जी।** भागवत और भगवान की कथा से लोग सुधरे हैं। जो सुधरना चाहते हैं उन्हें भगवान की कथा सुधारती है। यह बातें स्व होरीलाल पंसारी की स्मृति में पंसारी परिवार द्वारा आयोजित श्री मद भागवत महापुराण कथा में कथा वाचक पं लक्ष्मीकांत तिवारी ने कही। कथा का श्रवण करने ब्रम्हचारी आश्रम के संत त्रिलोचन ब्रम्हचारी भी पहुंचे। श्री तिवारी ने कथा का वाचन करते हुए बताया कि जिस कथा में संत महंतों का आगमन होता है तो समझना चाहिए कि स्वयं नारायण का आगमन हो गया। इस मौके पर भजन गायक क्रांति कार्तिक ने भजनों की प्रस्तुति दिया।

### मड़ई एवं घासीदास जयंती 31 को

**सड़क अतरिया।** ग्राम चकनार में आगामी 31 दिसंबर को सतनामी समाज एवं ग्रामीणों के तत्वावधान में घासीदास जयंती उल्लास से मनाया जाएगा। दोपहर को शोभायात्रा निकाला जाएगा। पंथी नृत्य के साथ जैतखाम की पूजा अर्चना कर पाला चढ़ाया जाएगा। गांव में इस तिथि को मंड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में ऐ मोर करोंदा गंड़ई वालों का कार्यक्रम रखा गया है।

### संगोष्ठी में भित्ति चित्रों के संरक्षण पर जोर



**गंडई पंडरिया।** छत्तीसगढ़ की प्राचीन कला और वास्तुकला पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में नगर के साहित्यकार डॉ. पीसी लाल यादव ने भित्ति चित्रों और भूमि अलंकरणों पर शोध प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि यह चित्र लोक जीवन के धरोहर हैं और लोक मंगल के प्रतीक हैं। संचालनालय पुरातत्व, अभिलेखागार और संग्रहालय रायपुर द्वारा आयोजित संगोष्ठी में देश भर के 45 विद्वानों ने भाग लिया। संगोष्ठी में छत्तीसगढ़ की प्राचीन कला और वास्तुकला के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई। डॉ. यादव ने अपने शोध में छत्तीसगढ़ के भित्ति चित्रों और भूमि अलंकरणों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बदलते समय के साथ इन चित्रों के स्वरूप में परिवर्तन हुआ है।डॉ. यादव ने इन चित्रों के संरक्षण और संवर्धन पर जोर दिया।

महतारी वंदन योजना की हितग्राहियों ने अनुभव किया साझा

# सम्मेलन में महिलाओं ने सरकार को दिया धन्यवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला

मानपुर में महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में महिलाओं को सम्मानित किया गया। समारोह में योजना की लाभार्थी महिलाओं ने आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में चलाई जा रही योजना से उनके जीवन में आए परिवर्तन को साझा किया।

समारोह में महिला एवं बाल विकास विभाग ने सुकन्या समृद्धि योजना की विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर 6 वर्ष आयु तक के बच्चों का आधार कार्ड निःशुल्क कैंप लगाकर बनाया गया। समारोह में आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों, किशोरी बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।




### महिलाओं ने बताया योजना के लाभ

महतारी वंदन योजना की 10 हितग्राहियों ने प्रतिमाह मिलने वाली राशि के उपयोग के संबंध में अनुभव साझा किया। महिलाओं ने बताया कि 1000 रूपए का वह किस तरह उपयोग कर रही हैं। इस दौरान गर्भवतियों माताओं और 20 हितग्राहियों को उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया। ममता किट का वितरण किया गया।

**जनप्रतिनिधि रहे मौजूद**

कार्यक्रम में विधायक इंद्र शाह मंडावी, जिपं सदस्य राधिका अंधारे, जनपद अध्यक्ष दिनेश शाह मंडावी, रेणु टांडिया, सरपंच हरीश लाटिया, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष लच्छू सावले, रामकेवल विश्वकर्मा, अपर कलेक्टर प्रेमलता चंदेल, चन्द्रशेखर आदि मौजूद थे।

**खुशी से आंखें हुई नम**

मुख्यमंत्री की पाती मिलने पर सीताबाई ने कहा कि मुख्यमंत्री ने महिलाओं को सम्मान से जीने का आसरा दिया है। मुख्यमंत्री की पाती मिलने पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली सरकार ने महिलाओं की चिंता को मिटा दिया है। इसी प्रकार प्रेमबाई सलामे ने कहा कि महिलाएं आत्मनिर्भरता होकर समाज की मुख्य धारा से जुड़ने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि योजना अंतर्गत मिलने वाली राशि से वह जरूरत के चीजों के लिए अपने पति पर निर्भर नहीं है।

### छोटे बच्चों का मुफ्त में बनाया आधार कार्ड



**डोंगरगांव।** नगर में गत दिनों महतारी वंदन योजना की हितग्राहियों का सम्मेलन आयोजित किया गया। इस दौरान डाक विभाग के कर्मचारियों ने कैम्प लगाकर डाक विभाग की योजनाओं के बारे में लोगों को बताया। सहायक डाक अधीक्षक योगेश गोदलेकर के मार्गदर्शन में आयोजित कैंप में 5 वर्ष आयु तक के बच्चों का मुफ्त में आधार कार्ड बनाया गया। बालिकाओं के नाम पर सुकन्या खाता खोला गया। लोगों को डाक विभाग की योजनाओं से अवगत कराया। जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने कैंप में पहुंचकर लोगों से डाक विभाग की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने कहा। इस मौके पर गोविन्दा राजपूत, पूजा मंडावी, ऋतु चंद्राकर, ओमप्रकाश साहू, टेकेंद्र, चेतना, खिलेश्वरी, वर्षा तथा चंदू यादव उपस्थित थे।

# स्कूल के पास शराब और गांजा की बिक्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुरमुंदा

ग्राम मुरमुंदा में दारू गांजा की बिक्री की धड़ल्ले से हो रही है। ग्राम के स्कूल के सामने भी शराब गांजा बेचा जा रहा है। पंचायत प्रतिनिधियों को जानकारी होने के बाद भी अंकुश लगाने की दिशा में पहल नहीं हो रही है। ग्राम के पान ठेलों में भी शराब बेचा जा रहा है। आबकारी और पुलिस प्रशासन को जानकारी होने के बाद भी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं जिससे आशंका है कि ग्राम में अवैध कारोबार प्रशासन की मिलीभगत से चले रहे हैं। गांव में आसानी से शराब गांजा मिलने से बच्चे भी नशेड़ी बनने लगे है।

- बच्चों में बढ़ रही नशाखोरी
- शिकायत पर नहीं की जा रही कार्रवाई

**पहले कार्रवाई अब सुस्ती**

प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद कोचियों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई किया गया किन्तु अब स्थिति पहले जैसे हो गई है। हालत यह है कि यात्री प्रतीक्षालय में बैठकर शराबी पीते रहते है। शाम होते ही यात्री प्रतीक्षालय के आसपास शराबियों का जमघट लगना शुरू हो जाता है और लोग यहां बैठकर शराब का सेवन करते हैं। कुछ तो नशा होने के बाद यहीं सो जाते हैं। इसी प्रकार मुड़पार, डुंडेरा, रेंगाकठेरा, मुंदगांव में भी शराब बेचा जा रहा है। मुंदगांव में कोचियां 200 रुपए पौवा की दर से शराब बेच रहे हैं।

# नायक बने पेंशनरों के अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

पेंशनर एसोसिएशन की आम सभा 27 दिसंबर को नीचे बम्लेश्वरी मंदिर स्थित सभाकक्ष में आयोजित किया गया। आमसभा में वन, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला बाल विकास, न्यायालय एवं अन्य विभागों के लगभग 40 पेंशनरों ने भाग लिया।

सभा में सदस्यों ने बहुमत से अश्वनी नायक को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। श्री नायक द्वारा शीघ्र ही कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा।

आमसभा में एजाज खान, अश्वनी पैकरा, एसएस परिहार, सीके मोटघरे, सीएल पाण्डेय, बीएल सिन्हा, बीएल लाऊत्रे, शत्रुघ्न सिंह, दिलीप पटेल, केके वर्मा, जगजीत भाटिया, रोमन सिंह, मो इकबाल, बीके सहारे, अंबिका नंदेश्वर, जमुना खोबरागड़े, कांति बंजारे, वायएस विजयवार, एपी शर्मा, जेआर सिन्हा, श्रीकांत त्रिपाठी, सीपी शर्मा, अहमद अली, एसके श्रीवास्तव, रमेश श्रीवास्तव, दिनेश यादव, आरके तिवारी, जगदीश यदु, एसके उजवाने, आरके साहू, एडी मानिकपुरी, लालचंद खोबरागड़े, हरि सिंह ठाकुर, टीआर ग्वाल, शिवचरण

### मानस महोत्सव 31 को मड़ियान में

**मड़ियान।** ग्राम मड़ियान में एक दिवसीय श्री राम चरित्र मानस महोत्सव, रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 31 दिसंबर को किया गया है। सामूहिक डांस में विजेताओं को क्रमशः 7000, 5000, 3000, 1500, युगल डांस में 2000, 1500, 1000, 700, एकल डांस में 1500, 1000, 700, 500 रूपए दिया जाएगा। आयोजक जय मारुति नंदन युवा समिति ने लोगों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

### चुनाव कराने से डर रही सरकार

**सड़क अतरिया।** राज्य सरकार ने त्रिस्तरीय पंचायत के आरक्षण की प्रक्रिया को आगे बढ़ा दिया है। आरक्षण प्रक्रिया को आगे बढ़ाने पर कांग्रेस नेता विजय वर्मा ने सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार हार के डर से पंचायत एवं निकायों का चुनाव टाल रही है। धान खरीदी में अव्यवस्था, बारदानों की कमी, तौल में गड़बड़ी, परिवहन और मिलिंग के अभाव में खरीदी बाधित होने से किसानों में आक्रोश है जिसके कारण सरकार चुनाव कराने से कतरा रही है और चुनाव प्रक्रिया को लगातार आगे बढा रही है।

# बरामद तक कब्जा देने 10 पार्षद थे सहमत

## शहर की व्यवस्था बिगड़ती, लोगों में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव

जनता की उम्मीदों के विपरीत कतिपय लोगों को लाभ पहुंचाकर शहर की व्यवस्था को चौपट करने के प्रयास करने का खुलासा होने के बाद प्रशासनिक और राजनीतिक हल्कों में हड़कंप मच गया है। पार्षदों की करतूत सामने आने के बाद लोगों में जमकर तीखी प्रतिक्रिया देखा गया। वही कुछ और नए खुलासे सामने आए हैं।

उल्लेखनीय है कि 26 दिसंबर को हरिभूमि ने शहर की व्यवस्था के साथ किए जा रहे खिलवाड़ को लेकर विस्तार से खबर प्रकाशित किया था।


विकास छोड़कर विनाश करने उतारू हैं शहर के जनप्रतिनिधि

यहां यह बताना जरूरी है कि गत 20 दिसंबर को होने वाली निकाय की बैठक में 7 प्रस्ताव का अनुमोदना होना था, जिसमे थोक बाजार व्यापारियों का व्यवस्थापन और हाट बाजार व्यवसायिक परिसर की दुकानों को बरामदे तक बढ़ाने का प्रस्ताव पर विचार और निर्णय किया जाना शामिल था। बताया जाता है कि कार्यकारिणी की अंदर से विरोध के स्वर उठने के बाद बैठक स्थगित कर दिया गया था। जानकारी के अनुसार हाट बाजार के करीब एक दर्जन दुकानदारों ने आबंटन के करीब पांच साल बाद भी व्यवस्थापन और नीलम राशि का भुगतान ही नहीं किया है। निकाय को इन दुकानदारों से करीब 24 लाख के आसपास लेना है।

**न एग्रीमेंट, न किराया भुगतान**

निकाय के सूत्रों के अनुसार हाट बाजार के दुकानदारों ने व्यवस्थापन और नीलामी के बाद अब तक न एग्रीमेंट किया है और न किराया राशि का भुगतान कर रहे है। यह पता चला है कि कई दुकानदार ने बिना नामांतण के दुकान को अन्य को बेच दिया है तो कुछ किराए पर देकर लाभ अर्जित कर रहे है। दुकानदारों का भौतिक सत्यापन किया जाए तो किसी की दुकान पर कोई अन्य काबिज मिलेगा।

# नदियों से बेरोकटोक निकल रही रेत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुरमुंदा

जामरी सहित अन्य नदियों से रेत का खनन और परिवहन बेरोकटोक किया जा रहा है। खनिज व्यवसाय से जुड़े लोग ट्रैक्टरों से रेत ले जा रहे हैं किन्तु खनिज और राजस्व विभाग द्वारा कार्रवाई नहीं की जा रही है।

जानकारी के अनुसार जामरी सहित अन्य नदियों से रोजाना दर्जनों ट्राली रेत निकाली जा रही है। जिससे प्रशासन को नुकसान हो रहा है साथ ही पर्यावरण भ प्रभावित हो रहा है। इस आशय की जानकारी होने के बाद भी अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। शिकायतें होने पर प्रशासन द्वारा कभी कभार कार्रवाई करते हुए गिने चुने लोगों को पकड़ा जाता है। नाममात्र कार्रवाई होने से लोग पुनः इस कारोबार को चालू कर देते हैं, जिससे अवैध खनन पर अंकुश नहीं लग रहा है।



**राजनीतिक व प्रशासनिक संरक्षण**

जानकारी के अनुसार खनिज माफिया को राजनीतिक और प्रशासनिक संरक्षण हासिल होने के कारण इस कारोबार को नजर अंदाज किया जा रहा है। संरक्षण के चलते क्षेत्र से रोजाना दर्जनों ट्रैक्टर में रेत का परिवहन किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार लोग कृषि कार्य के लिए ट्रेक्टर क्रय करते हैं किन्तु इसका उपयोग रेत के परिवहन में किया जा रहा है। ग्रामीणों ने इस कारोबार के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई करने की मांग की है।

### 3 को सिंगदई में रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता

**राजनांदगांव।** बजरंग चौक सिंगदई वार्ड नं. 50 में भव्य रिकार्डिंग डॉस प्रतियोगिता का आयोजन 3 जनवरी को रखा गया है। उक्त जानकारी महाकाल भक्त ग्रुप सिंगदई वार्ड नं. 50 राजनांदगांव ने दी।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### खिलेश्वर को गैंदाटोला मंडल की मिली जिम्मेदारी

**राजनांदगांव**। प्रदेश भाजपा व जिला भाजपा के निर्देश पर भाजपा मंडल गैंदाटोला की बैठक साहू धर्मशाला में आहुत की गई। जिसमें मंडल अध्यक्ष की घोषणा की गई, जहां पर भाजपा कार्यकर्ता की उपस्थिति में बंद लिफाफा को खोला गया और घोषणा किया गया। जिसमें भाजपा मंडल गैंदाटोला के अध्यक्ष खिलेश्वर साहू को जिम्मेदारी मिली है। भाजपा संगठन में नई नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। कार्यकर्ताओं द्वारा मंडल अध्यक्ष को फूलमाला पहनाकर व मिठाई खिलाकर एवं पटाखे फोड़कर स्वागत किया गया। इस मौके पर विनोद खांडेकर चुनाव प्रभारी, घासीराम साहू सह प्रभारी, मिथिलेश दुबे वरिष्ठ नेता, आत्माराम चंद्रवंशी पूर्व अध्यक्ष, मदन साहू वरिष्ठ नेता, आलोक मिश्रा वरिष्ठ नेता, हिरेंद्र साहू वरिष्ठ नेता, सुकृत साहू अध्यक्ष आदिम जाति सेवा, खिलेश्वर साहू, हनीफ कुरैशी, मनीष त्रिपाठी, कुमार साय, महेश चंद्रवंशी, खेमचंद साहू, दिलीप साहू, डोमेन पटेल, सुकृत दास, सोनाराम, लक्ष्मीनारायण साहू, कमलदास साहू, चतुरराम साहू, महेश गुप्ता, अंजोरराम, कौशल साहू, अशोक कुमार साहू, शैलेंद्र कुमार, एस. कुमार सिन्हा, देवेंद्र कुमार सिन्हा, भानु मांडवी, केशवराम, उत्तम ठाकुर, सतेन्द्र कुमार तारम, धन कुमार देशपांडे, मानिकराम साहू, गजेंद्र साहू, दरबार साहू, रामकुमार मांडवी, धनेश्वर गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। खिलेश्वर साहू ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व सहित क्षेत्र के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का आभार माना है।

### पिछले साल खरीदी एवं संग्रहण केन्द्रों में बड़े स्तर पर धांधली

# भाजपा नेता ने किया सुतली सप्लाई का खेल, हड़ताल अवधि में छोड़ा सामान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

बीते साल धान उपार्जन केंद्रों में धान बोरी सिलने वाली सुतली और मिलर, संग्रहण केंदों में भेजने वाले धान बोरों को रंगने वाले कलर मे बड़े स्तर पर धांधली की जानकारी मिल रही है। इस व्यवसाय से जुड़े लोगों के अनुसार राजधानी रायपुर में थोक रेट में बेहतर गुणवत्ता वाली बोरी सीलने की सुतली 65 से 70 रूपए किलों में मिल जाती है जो खुले बाजार में ज्यादा से ज्यादा 75 रूपए प्रति किलो के भाव से आसानी से उपलब्ध हो जाती है लेकिन इस बार वही सुतली समिति प्रबंधकों ने 120 रूपए प्रति किलो के हिसाब से खरीदा है जबकि बीते साल इससे बेहतर क्वालिटी की सुतली धमधा दुर्ग की कंपनी ने 94 रूपए किलो में पहुँचाकर दिया था।

जिले के 51 खरीदी केंद्रों में धान खरीदी हो रही है जिसमे ज्यादातर खरीदी केंद्रों में इसी दर मे सुतली खरीदने की जानकारी मिल रही है।

पता चला है कि उक्त सुतली और रंग की सप्लाई नपा में स्टेशनरी सप्लाई और छपाई के नाम पर विवादों में घिरे भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष और तुरकारी पारा पार्षद पति विकेश गुप्ता द्वारा अपनी फर्म विजय आफसेट प्रिंटर्स के माध्यम से की गई है। जिसमें उन्होंने धान खरीदी शुरू होने से पहले ही जिले के लगभग सभी खरीदी केंद्रों में समिति प्रबंधकों पर भाजपा नेताओं का ऊपर से दबाव बनवाकर पार्षद पति विकेश गुप्ता ने कई क्विंटल बोरी सिलने वाली सुतली और सैकड़ों लीटर छपाई में काम आने वाला कलर सप्लाई किया है। समिति प्रबंधकों को यह तय करने का अवसर भी नहीं मिला कि वो खरीदी के लिये और कहीं संपर्क करें।

गौरतलब है कि समर्थन मूल्य में धान खरीदी करने पर समिति को प्रति क्विंटल प्रासंगिक व्यय के रूप में शासन स्तर पर राशि जारी होती है जिसका उपयोग उन्हें सुतली और कलर खरीदी, हमालों का भुगतान, कैंप कवर जैसी अन्य जरूरतों के अलावा खरीदे धान की सुरक्षा को लेकर चौकीदारों को मासिक वेतन भुगतान के रूप में करना होता है, लेकिन यहा बिना दर तय किये खरीदी केंद्रों में सुतली पहुंचा दिया गया जिसे लेकर भी केंद्र प्रभारियों में पहले से खासी नाराजगी है वही अब बिल मिलने के बाद प्रति किलो 20 से 25 रूपयों की अंतर राशि को लेकर परेशान है, लेकिन भाजपा नेताओं के दबाव दहशत के चलते मजबूर है।

### कीमत देख समिति प्रबंधकों के उड़े होश

समिति प्रबंधकों का कहना है कि बीते साल उन्होंने स्वयं दुर्ग से सुतली की क्वालिटी चेक करने के बाद अपने स्तर पर आर्डर दिया था। सहकारी बैंक परिसर में पार्षद पति ने मुलाकात कर बताया कि इस दफे वो सप्लाई करेंगे। उनके हड़ताल के दौरान विजय आफसेट के नाम से कच्चा बिल देकर सामान छोड़कर गए है इसका पता उन्हें हड़ताल से वापस आने के बाद चला। पांडादाह समिति प्रबंधक ने बताया कि विकेश गुप्ता द्वारा फोन में बताकर सुतली और रंग छोड़ा गया था। पिछले बार 92 रूपए किलो में लिए थे। बढ़ईटोला समिति प्रबंधक का कहना है कि सामान आ गया है। बिना कोटेशन दिए विजय आफसेट के संचालक द्वारा दस गठान सुतली और रंग भेजा गया है। रेट तय नही हुआ है। नपा में स्टेशनरी सप्लाई और छपाई काम हासिल करने की तरह इस बार सुतली और रंग सप्लाई का काम हासिल करने की जुगत पार्षद पति द्वारा लगाने की जानकारी मिली है। खरीदी केंद्रों को दिए कोटेशन में गुप्ता बिल्डिंग नीड्स गोलबाजार द्वारा प्रति क्विंटल 13 हजार, नमो एग्रो धमधा द्वारा प्रति 50 किलो 6 हजार 400 और सबसे अंत मे कम रेट वाला अपनी फर्म विजय आफसेट के नाम से प्रति 50 किलो गठान का 6 हजार रूपए की दर का उल्लेख किया गया है। रंग और सीलने के काम आने वाले लोहे के सूजा को लेकर भी इसी तरह दस बीस रूपयों का अंतर रखा गया है।

### कोटेशन डालने लेटर हैड में किया बदलाव

नपा में स्टेशनरी सप्लाई और छपाई को काम हासिल करने 11 जुलाई 24 को प्रस्तुत कोटेशन में गुप्ता आफसेट प्रिंटर्स द्वारा खुद को सभी प्रकार के छपाई कार्य व स्टेशनरी सामानो के विक्रेता के रूप मे दर्शाया गया, लेकिन सुतली सप्लाई का काम हासिल करने चार महीने बाद 4 नवंबर को स्टेशनरी के बाद जूट, सुतली व कलर के विक्रेता अंकित कर दिया गया। जिसकी जानकारी होने के बाद जनसामान्य में इस बात की चर्चा हो रही कि सरकारी विभाग में काम हासिल करने अब विष्णु के सुशासन मे रोज नया नया फर्म खड़ा हो जाए और बिल्डिंग मटेरियल की सप्लाई करने वाले के नाम से गुमाश्ता लाइसेंस लेने के बाद दुकानदार सोने चांदी का बिल लगाकर सरकारी विभागों में सामान सप्लाई करने लगे तो किसी के लिए आश्चर्यजनक नही होगा। वही अधिकारी भी इस मामले में वाजिब जवाब देने से कन्नी काट रहे है उनका कहना है कि यह प्रासंगिक राशि समिति स्तर पर खर्च करना प्रबंधक के उपर निर्भर करता है।

### जांच की मांग

शासन के सरकारी पैसो को चूना लगाने भाजपा के कतिपय नेता किस हद तक जा रहे है यह प्रकरण इस बात का प्रमाण है। इससे प्रतीत होता है कि स्टेशनरी के बाद सुतली सप्लाई के नाम से भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने कतिपय भाजपा नेता को बड़े नेताओं ने खुली छूट दे दी है। जिला प्रशासन से मामले की शिकायत कर जॉच की मांग की जाएगी।
**-मनराखन देवांगन**, विधायक प्रतिनिधि

# युगांतर का बहुप्रतीक्षित वार्षिकोत्सव नवरंग आज




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल का बहुप्रतीक्षित वार्षिकोत्सव नवरंग कल 28 दिसंबर को अपरान्ह 3.30 बजे से रखा गया है। इस अवसर पर आयोजित इस वार्षिकोत्सव में छावा, कोहरा, हिंदी ड्रामा बूढ़ी काकी, सदमा, भूल-भूलैया, सीजी फोक, कल्कि, किंग्स ऑफ वॉलीवुड, कार्निवल विथ सुपर हीरोज तथा हैरी पोटर जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण के केंद्र होंगे। इसके अलावा विद्यार्थियों द्वारा और भी रोचक आकर्षक प्रस्तुतियां होंगी।

दर्शकों के विशाल समुदाय के बीच आयोजित यह वार्षिकोत्सव विशेष आकर्षण का केंद्र होगा, जिसमें विद्यार्थी गीत,नृत्य, अभिनय जैसी रोचक कलाओं का प्रदर्शन करेंगे। युगांतर के विशाल परिसर में आयोजित इस वार्षिकोत्सव का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार रहता है। इस तारतम्य में गणमान्य अतिथियों द्वारा विद्यालय प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को पदक प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ मधु पी चौधरी वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। विद्यालय के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्डा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, हैड ब्वॉय विपुल सोमकुंवर, हेड गर्ल जिया अग्रवाल, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह सहित युगांतर परिवार ने विद्यार्थियों के साथ उनके पालकों को वार्षिकोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सादर आमंत्रित किया है।

## बोदेला मड़ई 7 को

**तुमडीबोड़**। ग्राम बोदेला में आगामी 7 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन रखा गया है। रात्रि में जय अंबे नाच पार्टी नीचे कोहरा वालों का कार्यक्रम होगा। यह जानकारी ग्राम प्रमुख हिरामन साहू, दुष्यंत वर्मा, मंथीर पटेल ने आमजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

# जनपद पंचायत में हुई बीमा सखी कार्यशाला



**खैरागढ़**। बीमा सखी पॉलिसी को लेकर कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा के निर्देशन में जनपद पंचायत में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ।

कार्यशाला में एलआईसी राजनांदगांव के अधिकारी प्रशांत श्रीवास्तव द्वारा बीमा सखी के चयन प्रक्रिया, उसके कार्य सहित काम के बदले मिलने वाले मानदेय के संबंध में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को उद्यमी के रूप में विकसित करने और चयनित बीमा सखी के माध्यम से सभी ग्रामीण परिवारों को बीमा योजनाओं से जोड़कर आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा प्रायोजित बीमा सखी योजना में ग्रामीण क्षेत्र की स्व सहायता समूह की महिलाओं को बीमा सखी के रूप में चयन किया जाएगा। चयन, प्रशिक्षण व कार्य मूल्यांकन के लिए एलआईसी को नोडल एजेंसी के रूप में जिम्मेदारी दी गई है। बीमा सखी को तीन साल तक मानदेय मिलेगा जिसमे पहले साल सात हजार, दूसरे साल छै हजार और तीसरे साल 5 हजार रूपया प्रति माह कार्य के मूल्यांकन आधार पर दिया जाएगा। मानदेय अतिरिक्त बीमा सखी के द्वारा किये जाने वाले बीमा कार्य पर भी अतिरिक्त कमीशन का प्रावधान है। तीन साल बाद मानदेय के स्थान पर कमीशन मिलेगा। कार्यशाला में एनआरएलएम योजना के लगभग 70 सक्रिय महिलाओ सहित जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनआरएलएम उमेश कुमार तिवारी, बीपीएम दीनानाथ लिल्लारे, एनआरएलएम जनपद व तकनीकी संस्था प्रदान के अधिकारी शामिल हुए।

# सिविल अस्पताल में गर्भवतियों को दी सलाह, धार्मिक ग्रंथ भी बांटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- गर्भवस्था के दौरान शारीरिक समस्या से बचने शिविर आयोजित

सिविल अस्पताल में बिमल चाईल्ड एंड विमल वेलफेयर सोसायटी द्वारा गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था में आने वाले दिनों में शारीरिक समस्या व बदलाव के दौरान आने वाली परेशानियों से बचने व सावधानी बरतने शिविर आयोजित किया गया। राजपरिवार सदस्य रूद्रभूषण सिंह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में बीएमओ डॉ विवेक बिसेन, डॉ आकाश कन्नौजे ने गर्भावस्था के दौरान शारीरिक संरचना में बदलाव के दौरान होने वाली सामान्य वृत्तियों की जानकारी देते हुए इनसे बचने घरेलू तौर तरीकों से अवगत कराया, ताकि प्रसव दौरान किसी प्रकार की अड़चन न हो और जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ रहे। सोसायटी द्वारा महिलाओं को स्वल्पाहार कराया गया। प्रसव पूर्व बच्चे को गर्भधारण की अवस्था मे संस्कारवान बनाने धार्मिक ग्रंथ दिया गया। इस दौरान सेनि शिक्षक गोपाल सिंह दीक्षित, सन्नी चावला, सोसायटी प्रमुख श्रीमति टीएन भट्टाचार्य, सविता खत्री, आरती महोबे, निर्मल त्रिवेणी महाअभियान के मंगल सिंह सारथी, जहीन खान सहित अन्य उपस्थित थे। सोसायटी सदस्य शिल्पी विश्वास ने शिविर का संचालन व आभार प्रदर्शन किया।



## शक्ति दिवस व मिलन समारोह कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अखिल भारतीय हल्बा हल्बी समाज शाखा राजनांदगांव द्वारा हल्बा समाज कर्मचारी प्रकोष्ठ एवं महिला प्रकोष्ठ व युवा प्रभार द्वारा 29 दिसंबर को हल्बा सामाजिक भवन कमला कॉलेज राजनांदगांव के पीछे शक्ति दिवस एवं मिलन समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम का मुख्य यूएस ठाकुर, विशेष अतिथि आरएस नायक, सीआर देवहारे, बीआर भुआर्य, डॉ. पवन ठाकुर, आरआर खरे एवं अध्यक्षता एचआर ठाकुर रहेंगे। सुबह 10 बजे कलया यात्रा सह रैली एवं 11 बजे अतिथियों का स्वागत उपरांत बच्चों का खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतिभावान बच्चों का सम्मान किया जाना है। प्रीतिभोज की व्यवस्था की गई है। ब्लॉक अध्यक्ष एचआर ठाकुर एवं शाखा अध्यक्ष मेघनाथ भुआर्य ने सामाजिक बंधुओं से उपस्थिति की अपील की। उक्त जानकारी हल्बा समाज के शाखा अध्यक्ष मेघनाथ भुआर्य ने दी।

# यशवेन्द्र बने संभागीय सचिव



**छुरिया**। राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज के महासचिव शशिकांत तिवारी की अनुशंसा पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा ने यशवेंद्र तिवारी को दुर्ग संभाग का सचिव नियुक्त किया है। उन्हे संभाग में विप्र समाज को संगठित करने की जिम्मेदारी दी गई है। उनकी नियुक्ति पर प्रदेश महासचिव मौलेश तिवारी, जिला अध्यक्ष लव कुमार मिश्रा, जिला महासचिव विष्णुनंद चौबे, डॉ प्रकाश शर्मा, टीकम पांडे, अवधेश दुबे, नरेंद्र तिवारी, सुरेश शर्मा, दिलीप तिवारी, आशीष शर्मा, आलोक मिश्रा, मनीष त्रिपाठी, राधेश्याम शर्मा, कैलाश शर्मा आदि ने बधाई दी है।

सुपर स्पेशलिटी डॉ. टीम की ओ.पी.डी. सेवाये
आरोग्यम् सुपरस्पेशलिटी क्लिनिक
राजनांदगांव मेडिकोज 7869899833, 8871626367

| | |
|---|---|
| डॉ. नवीन राम दारूका M.CH (UROLOGY) BHU | पथरी, प्रोस्टेट एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ प्रत्येक शनिवार - दोप. 2 :30 से 3 :30 बजे |
| डॉ.आर. के. साहू MD (MEDICINE) DM (NEPHROLOGY) KOL. | किडनी एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ प्रत्येक गुरुवार - दोप. 3 से 4 बजे |
| डॉ. कुलदीप सिंह MS, M.CH (NEURO) | नस, मस्तिष्क एवं स्पाइन रोग विशेषज्ञ प्रत्येक शनिवार - दोप. 3.30 से 4.30 बजे |
| डॉ. रैनी अग्रवाल IVF SPECIALIST, COSMETIC GYNAECOLOGIST, | नि:संतानता (IVF) एवं कॉस्मेटिक गायनोकॉलोजी विशेषज्ञ प्रत्येक बुधवार 2 बजे से 4 बजे तक |
| डॉ. नमन पिंचा MBBS, MS (ENT) | नाक, कान एवं गला रोग विशेषज्ञ प्रत्येक शनिवार - सुबह 10 से 12 बजे |
| चर्म रोग, बाल एवं गुप्त रोग संबंधित सुविधाएं | चर्म रोग, बाल एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ प्रत्येक बुधवार सुबह 9 :30 से 11:30 |

राजनांदगांव मेडिकोज, सतनाम भवन न्यू बस स्टैंड के पास, जी.ई. रोड

### गौमाता की सेवा बगैर हमारा जीवन आगे नहीं बढ़ सकता

# मनोहर गौशाला के 11वें स्थापना दिवस में शामिल हुए छग गौसेवा आयोग अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

धरमपुरा वार्ड स्थित मनोहर गौशाला के 11वें स्थापना दिवस पर दो दिवसीय भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।

परमात्मा की भव्य पूजा-अर्चना कर प्रभु पाश्र्व का जन्म कल्याणक भी मनाया गया। मुख्य अतिथि गौ सेवा आयोग अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल ने कहा कि बिना गौ माता की सेवा के हमारा जीवन आगे नहीं बढ़ सकता।

मनोहर गौशाला में जिस तरह से गौ माताओं की सेवा की जा रही है, वह सराहनीय है। इंदिरा गांधी कृषि विवि के कुलपति डॉ गिरीश चंदेल ने कहा कि गौसेवा से ही हमारा भविष्य उज्जवल हो सकता है। हमारे वैज्ञानिक गोबर, गौमूत्र पर लगातार रिसर्च कर रहे हैं, जिसमें मनोहर गौशाला का भरपूर सहयोग मिल रहा है। विशिष्ट अतिथियों के रूप मे जीव जंतु कल्याण बोर्ड भारत सरकार के डायरेक्टर सुनील मानसिंह, इंदिरा गांधी कृषि विवि के डायरेक्टर ऑफ रिसर्च डॉ विवेक त्रिपाठी, जीवदया रत्न अवार्ड से सम्मानित प्रीति मालू नवसारी गुजरात, मनोहर गौशाला के ट्रस्टी महेंद्र लोधा, समाजसेवी राजेंद्र डाकलिया, कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा, एसपी त्रिलोक बंसल, समाज सेवी डॉ. मुकेश शाह, दाऊ पुरुषोत्तम वासुदेव चंद्राकर, अंजोरा विवि के पूर्व कुलपति नारायण पुरुषोत्तम दक्षिणकर, जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह मौजूद थे।



### प्रीति को मिला जीवदया रत्न अलंकरण

मनोहर गौशाला के ट्रस्टी डॉ. अखिल जैन ने बताया कि कार्यक्रम में जीवदया गोष्ठी आयोजित की गई। इस दौरान श्रीमती प्रीति मालू नवसारी गुजरात को उनके द्वारा स्कूल के छात्रों से रोजाना एक लाख रोटी एकत्रित कर गौ सेवा में वितरित करने के लिए जीवदया रत्न अलंकरण प्रदान किया गया। कार्यक्रम में पूजन कार्य पंकज चोपड़ा खाचरौद ने किया जबकि भजन संध्या मे नमन जैनम डाकलिया बंधुओं ने भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन गगन बरड़िया और आभार प्रदर्शन समाजसेवी इंदु लोढ़ा ने किया। इस दौरान महेंद्र लोढ़ा, प्रवीण पारख, राजेश बरलोटा, मनीष बोथरा, अक्षय पात्रा, प्रभु गौरदास स्वामी जी, राजेंद्र डाकलिया, श्रेणिक नाहर चेन्नई सहित बड़ी संख्या मे गौसेवको सहित अन्य उपस्थित थे। इससे पूर्व पहले दिन जीरावला पाश्र्ववनाथ प्रभु की भाव यात्रा निकाली गई। स्थापना दिवस के दिन सुबह पंच कल्याणक पूजा बाद जीवदया गोष्ठी का आयोजन किया गया।

आवेदन आमंत्रित
पाँच (5) घंटे पन्द्रह हजार (15000)
अपने शहर अपने वार्ड के लिए रहे तैयार।
- स्वयं का वाहन होना चाहिए।
- 12वीं से स्नातक की शिक्षा।
- आवेदक आधार कार्ड, अंक सूची की छायाप्रति के साथ बायोडाटा 2 जनवरी 2025 तक जमा करें।
- किस जिले, शहर, वार्ड में कार्य करना चाहते है आवेदन में दर्शाएं।
- मासिक वेतन का भुगतान बैंक खाते में दिया जायेगा, बैंक खाता होना अनिवार्य है।

आवेदन करें
Gmail:- cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

## सार समाचार

### जिपं सदस्यों को प्रतीक चिन्ह से किया सम्मानित



**राजनांदगांव।** जिला पंचायत राजनादगांव साधारण सभा की इस 5 साल के कार्यकाल की अंतिम बैठक मंगलवार को संपन्न हुई। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिला पंचायत सीईओ सुरुचि सिंह की उपस्थिति में सदस्यों का स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

### सुरगी में तीन दिवसीय सत्संग समारोह एक से

**राजनांदगांव।** कबीर आश्रम सुरगी में तीन दिवसीय कबीर सत्संग समारोह का आयोजन आगामी 1, 2 एवं 3 जनवरी को किया जा रहा है। मुख्य प्रवक्ता संत शिवम साहेब कबीर आश्रम नेपाल काठमांडू से, बलवीर साहेब बुडहानपुर आश्रम से अपने संत मंडली के साथ पधार रहे हैं। कार्यक्रम दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक होगा।

### भर्ती में भ्रष्टाचार से युवाओं के भविष्य से खिलवाड़

**राजनांदगांव।** पूर्व विधायक छन्नी चंदू साहू ने कहा कि पुलिस आरक्षक भर्ती प्रक्रिया में किए गए भ्रष्टाचार से पात्र युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है। लेनदेन और भ्रष्टाचार के चलते टाइमिंग टेक्नोलॉजी के जारिये अपात्र लोगों के नंबर बढ़ाए गए और पात्र युवाओं को वंचित कर दिया गया। एक तरफ प्रदेश सरकार युवाओं को नौकरी नहीं दे पा रही है। वहीं दूसरी तरफ उनसे नौकरी के अवसर भी भर्ती प्रक्रियाओं में घोटाले कर छीन रही है, जिस समय प्रदेश सरकार अपने कार्यकाल का 1 वर्ष पूर्ण होने पर सुशासन का ढोल पीट रही थी। उस वक्त दूसरी तरफ युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करते पुलिस आरक्षक भर्ती में धांधली की जा रही थी। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार में गड़बड़ी और घोटाले भी दोगुनी रफ्तार से बढ़ गए हैं।

### झेरिया समाज की बैठक 29 को

**राजनांदगांव।** संयुक्त जिला स्तरीय बैठक 29 दिसम्बर को दोपहर 12:00 बजे से परिक्षेत्र-रुदगांव में आयोजित की गई है । बैठक में महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों पर विचार विमर्श कर नियमों का निर्धारण किया जाएगा। सेवक राम यादव जिला महामंत्री, भारत यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पन्ना यादव अध्यक्ष, विष्णु यादव अध्यक्ष, शत्रुघन यादव अध्यक्ष, शिव कुमार यादव अध्यक्ष, सुंदर लाल यादव अध्यक्ष रूदगांव, संतू राम यादव, नील कुमार यादव ने सभी स्वजातीय बन्धुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने अपील की हैं। यह जानकारी ज्योतिष राम यादव संयुक्त जिला अध्यक्ष ने दी ।

### सोमनी में जयंती पर निकली रैली



**राजनांदगांव।** संत शिरोमणि गुरू घासीदास की 268वीं जयंती पर सतनामी समाज द्वारा ग्राम सोमानी में रैली सहित स्थानीय मिनीमाता बाजार चौक पर बैंड-बाजे, झांकी, पंथी नृत्य इत्यादि के साथ भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अभिमन्यु उदय मिश्रा बतौर अतिथि शामिल हुए। इस दौरान समाज के युवा अध्यक्ष कृष्णराज देशलहरे द्वारा उनका माला पहनाकर स्वागत किया गया। अभिमन्यु ने कहा कि हम सबके लिए बड़े सौभाग्य की बात है कि ऐसे महापुरूष ने छत्तीसगढ़ की धरती पर जन्म लिया, किन्तु आज उसी गिरौधपुरी धाम में जो निंदनीय कृत्य हुआ, उसकी हम सभी कड़ी निंदा करते हैं। कार्यक्रम में नीरज कन्नौजे, टिंकू साहू, ओंकार खंडेलवाल, मधुकर बंजारे, दादूलाल जोशी, पुनूराम देशलहरे, ललित कुमरे, कृष्णराज देशलहरे, नरोत्तम बंजारे, भीखम मार्कण्डेय, लोकेश खंडे, गजेन्द्र बंजारे, बलराम बंजारे, रमेश बंजारे, निखिल बंजारे, गेंदलाल खिलाड़ी, ऋषि कुर्रे, रवि देशलहरे, दीपेश देशलहरे, दीपक देशलहरे आदि उपस्थित थे।

### संस्कार श्रद्धांजलि संस्था को मिला पुनर्जीवन

**राजनांदगांव।** वर्ष 2006 से नगर में दृष्टिबाधित, दिव्यांगजनों, लावारिस लाशों को सदगति प्रदान करने व गर्मी के दिनों में पशुओं के लिए पानी का कोटना रखवाने का कार्य संस्कार श्रद्धांजलि संस्था के अध्यक्ष स्व. सतीश भट्टड़ व उनके सहयोगी व सदस्यगण कराते थे, परन्तु सतीश भट्टड़ के देहावसान पश्चात संस्था का अस्तित्व खतरे में पड़ गया था। शायद वह बंद भी हो जाता। ऐसे समय में नगर के ही सेवाभावी सज्जनों ने इस संस्था को पुर्नजीवित करने का बीड़ा अपने कंधो पर उठाने का निर्णय लिया। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ब्रेललुई की जयंती पर स्थानीय माहेश्वरी पंचायत राजनांदगांव में देशभर के दृष्टिबाधित, दिव्यांगो का सम्मेलन आगामी 3 व 4 जनवरी को रखा गया है। जिसमें लगभग 250 लोगों के पहुंचने की संभावना है। इस बार 3 जनवरी को उद्घाटन समारोह के साथ-साथ 3 जनवरी को रात्रि 8 बजे से दिव्यांगजनों द्वारा कवि सम्मेलन का कार्यक्रम भी संपन्न होगा। जिसमें अंतर्राष्ट्रीय स्तर के दृष्टिबाधित कवि व कवयित्री शिरकत करेंगे। 4 जनवरी को समापन समारोह होगा। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने संस्कार श्रद्धांजलि के नरेन्द्र तायवाड़े, डीएल देवांगन, राकेश ठाकुर, एजाज सिद्दकी, आशीष चितलांग्या, विजय भट्टड़, शैलेष गुप्ता, पदमा साहू, अपना-अपना योगदान प्रदान कर रहे हैं।

### ठाकुरटोला में योग शिविर का आयोजन



**राजनांदगांव।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के अंतर्गत संचालित सीआरसी ठाकुरटोला राजनांदगांव के नए भवन में 23 से 31 दिसंबर तक योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सत्यानंद योग आश्रम के योगाचार्यों सन्यासी आत्मचैतन्य, सन्यासी तारिणी एवं ज्ञानादित्य के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ।

शिविर की शुरूआत शांति पाठ और गायत्री मंत्र से हुई। जिसमें योगाचार्यों ने विभिन्न योग आसनों जैसे ताड़ासन, वज्रासन, तितली आसन, निद्रासन एवं प्राणायाम के महत्व को समझाया और इनका अभ्यास कराया। उन्होंने बताया कि योग और प्राणायाम तनाव को कम करने, स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और श्वसन तंत्र को मजबूत करने में अत्यंत लाभदायक है। योगाचार्यों ने कहा योग के माध्यम से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है, जो आध्यात्मिक बुद्धिमत्ता को बढ़ाने में मदद करता है। स्वस्थ मन और शरीर से व्यक्ति का अपने आसपास के वातावरण और दूसरों के साथ संबंध गहराता है। यह कार्यक्रम सीआरसी के समन्वयक हेमंत कुमार सिन्हा, विशेष शिक्षिका श्रुति पांडेय और गतिविधि शिक्षिका प्रेरणा असैया के नेतृत्व में संपन्न हुआ। शिविर में 56 छात्र और लाभार्थी उपस्थित थे, जिन्होंने योगाभ्यास का आनंद लिया।

## पति-पत्नी और पुत्री की संदिग्ध मौत, गैस रिसाव से आगजनी की आशंका

# अधजली अवस्था में मिला पति, पत्नी और बेटी का शव, मामले की जांच शुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के समीप ग्राम भंवरमरा में सिन्हा परिवार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। यहां लगभग 37 वर्षीय भागवत सिन्हा और लगभग 35 वर्षीया उनकी पत्नी तामेश्वरी सिन्हा, लगभग ढाई वर्षीया उनकी पुत्री भाव्या सिन्हा का शव अधजली अवस्था में उनके घर के भीतर ही एक कमरे में मिला है। शहर के बसंतपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुए इस मामले को लेकर पुलिस बारीकियों से जांच कर रही है।

तीनों की मौत को लेकर घर के भीतर सिलेंडर फटने की चर्चा थी, लेकिन घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने जब मौका मुआयना किया तो किसी भी तरह का सिलेंडर घर के भीतर ब्लास्ट होना नहीं पाया गया। मृतक अपनी पत्नी और पुत्री के साथ यहां निवासरत था। घटना की सूचना मिलते ही गांव में सनसनी फैल गई। एक परिवार के तीनों लोगों की मौत से गांव में मातम और दहशत का वातावरण भी बन गया। पति-पत्नी और बच्ची की मौत को लेकर गांव के सभी लोग सकते में आ गए हैं।

**सभी पहलुओं पर पुलिस की जांच**

घटना को लेकर कई संदेह है। घटना आत्महत्या है, हादसा है या फिर हत्या है, पुलिस इन सभी पहलुओं को दृष्टिगत रखते हुए अपनी जांच कर रही है, लेकिन घटनास्थल की परिस्थितियों से मामला संदेह के दायरे में है।



#### कमरे तक लाया गया सिलेंडर

*जिस कमरे में पति-पत्नी और बच्ची की लाश मिली ठीक उसके सामने गैस का सिलेंडर रखा हुआ था। माना जा रहा है कि यह सिलेंडर किचन से ही गैस स्टोव से अलग कर कमरे तक किसी के माध्यम से ले जाया गया है।*

#### हत्या की आशंका, जांच जारी

*इस मामले में हत्या की आशंका को देखते हुए भी पुलिस ने अपनी जांच की और डॉग एस्कॉर्ट की मदद से घटनास्थल के आसपास क्षेत्र में छानबीन की गई। इस दौरान घर के पीछे खेत के समीप टीम को एक मोजा भी मिला है।*

**किराना व्यवसायी था मृतक :** बताया जा रहा है कि भागवत सिन्हा गांव में ही किराना दुकान चलाता था। आज सुबह लगभग 9 बजे तक उसकी दुकान नहीं खुली तो दुकान पहुंचने वाले लोगों में से ही किसी ने उसके घर जाकर देखा तो अंदर से दरवाजा बंद मिला, आवाज देने पर भी जब कोई नहीं निकला तो आसपास के लोगों की मदद से पीछे रास्ते से घर के भीतर जाकर देखा गया, तो सभी के होश फाख्ता हो गए। घर के एक कमरे में तीनों का शव दिखाई दिया। जिसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई।

#### देर रात के बाद का मामला

घर के आंगन में एक चूल्हा भी बनाया गया है जिनकी मिट्टी गली थी। संभवता इस मिट्टी के चुल्हे को रात में ही बनाया गया था। घटनास्थल पर पहुंचे मृतक के परिजनों के अनुसार रात लगभग 11.30 बजे के आसपास मृतक ने अपने परिजनों से फोन पर बातचीत भी किया था। माना जा रहा है कि आगजनी की यह घटना देर रात या तड़के हुई है।

#### दुर्ग जिले से पहुंची फोरेंसिक टीम

घटनास्थल पर मौत को लेकर संदेह होने के चलते पुलिस ने सभी को बाहर रोके रखा और फोरेंसिक टीम के आने का इंतजार किया। दोपहर लगभग 2.30 बजे दुर्ग से फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम के आने के बाद घटनास्थल की बारीकियां से जांच की गई।

#### गैस रिसाव का संदेह

कमरे के भीतर पति-पत्नी और बच्ची की मौत को लेकर संदेह है कि गैस सिलेंडर की मदद से कमरे के भीतर गैस का रिसाव किया गया और इसके बाद इसमें आग लगाई गई होगी। घर के भीतर एक कमरे में पलंग पर पत्नी और बच्ची का शव अधजली अवस्था में मिली है, तो वहीं पति का शव खाट के नीचे जली स्थिति में पड़ा हुआ था।

#### पीछे का द्वार बाहर से था बंद

मृतक के घर का मुख्य द्वार भीतर से बंद था, तो वही पीछे का द्वार बाहर से बंद किया गया था। गांव के लोगों के अनुसार मृतक का व्यवहार गांव में बेहतर था और किसी से उसका विवाद भी नहीं था।

#### मामले की जांच जारी

एएसपी राहुल देव शर्मा ने कहा कि सुरगी पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत भंवरमरा गांव में तीन लोगों की जली हुई लाश मिलने की सूचना मिली थी। मौके पर जब पुलिस टीम पहुंची तो पति-पत्नी और उनकी बच्ची का शव जली हुई व्यवस्था में मिला है। घटना की जांच फोरेंसिक एक्सपर्ट, साइबर टीम, डॉग एस्कॉर्ट के माध्यम से की जा रही है।

### खेलकूद स्पर्धा 29 को



**राजनांदगांव।** ठाकुर प्यारेलाल उ.मा. शाला परिसर राजनांदगांव में आगामी 29 दिसंबर को विकासखंड स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग राजनांदगांव के तत्वावधान में किया जाएगा। प्रतियोगिता में 10 विभिन्न खेलों में राजनांदगांव विकासखंड की महिलाएं अपने खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी।

#### खेलों का आयोजन

एथलेटिक्स के अंतर्गत 100 मी, 400 मी दौड़ तथा तवा फेंक, खो-खो, हॉकी, बैडमिंटन, व्हालीवाल, कुश्ती, बास्केटबाल, फुटबाल, वेट लिफ्टिंग, रस्साकसी शामिल है। महिला खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत 2 आयु वर्ग में खिलाड़ियों को भाग लेने की पात्रता होगी। 9 से 18 वर्ष एवं 18 से उपर 35 वर्ष तक के प्रतिभागी शामिल होंगे। उपरोक्त प्रतियोगिता में शामिल होने प्रतिभागियों को अपना पासपोर्ट साइज फोटो एवं आधार कार्ड की फोटोकापी साथ लाना अनिवार्य होगा।

### मानस सम्मेलन आज से

**रामाटोला।** ग्राम पंचायत झिंझारी में दो दिवसीय मानस सम्मेलन का आयोजन 28 एवं 29 दिसंबर को किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न मंडलियां शामिल होंगी। आयोजक समिति ने अधिक से अधिक लोगों से शामिल होने की अपील की है।

**कल्याणपुर।** ग्राम फकीरटोला- अंडी में श्री राम मानस महोत्सव का आयोजन 28 एवं 29 दिसंबर तक किया गया है। आयोजक श्री सरस्वती शक्ति मानस परिवार एवं ग्रामीणों ने लोगों से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## डिजिटल स्किल डेवलपमेंट विषय पर कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कॉन्फ्लुएंस कॉलेज के कम्प्यूटर विभाग द्वारा गैर शिक्षक कर्मचारी के लिए दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया था। इसके अंतर्गत डिजिटल स्किल डेवलपमेंट विषय पर लेक्चर दिया गया।

इस विषय को कम्प्यूटर विभाग के सहायक अध्यापक सुधीर मिश्रा एवं सुमन साहू द्वारा व्याख्यांतित किया गया। प्रथम दिन सहायक अध्यापक सुधीर मिश्रा द्वारा दैनिक जीवन में डिजिटल सुविधाओं के बारे में बताया गया। द्वितीय दिन सहायक प्राध्यापक सुमन साहू द्वारा सोशल मीडिया एवं मार्केटिंग विषय पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त गैर शिक्षक कर्मचारी उपस्थित थे।

प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने कहा कि समय अनुसार हर व्यक्ति को डिजिटल सुविधाओं से अवगत होना तथा उन्हें अपने दैनिक जीवन में उपयोग में लाना आवश्यक है। जिससे वह डिजिटल भारत की योजनाओं का लाभ उठा सके।

### प्रदेशभर में बुनियादी समस्याओं का अंबार

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत सदस्य व कांग्रेस के युवा नेता महेंद्र यादव ने जारी बयान में विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार द्वारा सुशासन दिवस मनाया जाने को हास्यास्पद बताया है। उन्होंने कहा कि वास्तविक धरातल पर कुशासन ही कुशासन है। प्रदेशभर में बुनियादी समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। प्रशासनिक महकमें में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। भाजपा के नेता भ्रष्टाचार और खुशियां मनाने में मस्त हैं। जनता कह रही है बुनियादी समस्याएं विकराल रूप लेती जा रही है। साय सरकार को हरा ही हरा सूझ रहा है। सोसायटियों में धान खरीदी व्यवस्था बुरी तरह गड़बड़ा गई है। प्रदेशभर में अवैध शराब का बोलबाला है। खुद सरकार कोचियों के माध्यम से शराब बिकवाकर सरकार के नुमाइंदे अपने जेब भरने में लगे हैं। आने वाले नगरीय निकाय चुनाव और त्रि-स्तरीय पंचायतीराज चुनाव में जनता इसका मुंहतोड़ जवाब देगी। श्री यादव ने कहा कि पूर्ववर्ती भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार ने हाफ बिजली योजना लागू की थी। सत्ता में बैठते ही पब्लिक को 440 वोल्ट का ऐसा करंट मारा कि जनता को कांग्रेस सरकार याद आने लगी। आज जनता अनाप-शनाप बिजली बिल से परेशान है। रसोई में गृहणियों को महंगाई को लेकर रोना पड़ रहा है।

## पंचगव्य, मर्म एवं कायरो चिकित्सा शिविर



**राजनांदगांव।** अग्रहरि वैश्य ट्रस्ट एवं अग्रहरि वैश्य समाज के तत्वावधान में तथा गौ संस्कृति अनुसंधान संस्थान राजनांदगांव द्वारा अग्रहरि भवन गुरूद्वारा रोड फव्वारा चौक में पंचगव्य, मर्म एवं कायरो चिकित्सा निःशुल्क परीक्षण व परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें गव्यसिद्ध चिकित्सक डॉ. डिलेश्वर साहू तथा ओड़िशा के मर्म एवं कायरो विशेषज्ञ डॉ. अपूर्वा प्रधान द्वारा रोगियों का नाड़ी परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया तथा मर्म एवं कायरो चिकित्सा की गई। साथ ही पंचगव्य चिकित्सा तथा मर्म एवं कायरो चिकित्सा पद्धति की विशेषताओं के बारे में बताया गया।

शिविर में गव्यसिद्ध चिकित्सकों द्वारा स्वस्थ्य दिनचर्या अपनाने की सलाह दी गई और खान-पान की अनियमित्ता से होने वाले रोगों की जानकारी दी गई। शिविर में कमर दर्द, सर्वाइकल, वात रोग, पेट के रोगी, माईग्रेन, घुटने का दर्द जैसे विभिन्न प्रकार के शारीरिक समस्याओं से ग्रसित मरीजों का परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। शिविर में नगरवासियों ने शामिल होकर स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सकीय परामर्श का लाभ उठाया। शिविर में अग्रहरि वैश्य ट्रस्ट के अध्यक्ष सचिन अग्रहरि, अग्रहरि वैश्य समाज के अध्यक्ष प्रभात अग्रहरि, गौ संस्कृति अनुसंधान संस्थान के अध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता सहित संजय गुप्ता, प्रवीण गुप्ता, रमेश गुप्ता, अशोक शर्मा, दिनेश बगानी, पुरूषोत्तम देवांगन, मोनिका साहू, आयान साहू सहित अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।

### वाहन चालकों का स्वास्थ्य नेत्र परीक्षण 5 को

**राजनांदगांव।** सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशानुसार जिला सड़क सुरक्षा अंतर्गत कार्यालय अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी राजनांदगांव के क्षेत्राधिकार में संचालित सभी स्कूली बसों एवं सभी आवश्यक दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन तथा वाहन चालकों का स्वास्थ्य नेत्र परीक्षण 5 जनवरी को सुबह 9 बजे से पुलिस रक्षित केन्द्र राजनांदगांव में किया जाएगा। जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों को संस्था में संचालित सभी स्कूल बसों को यांत्रिकी खराबी हो तो सुधारकर सभी दस्तावेज सहित निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए है।

## गहिराभेड़ी में जयंती कार्यक्रम आयोजित



**राजनांदगांव।** ग्राम गहिराभेड़ी में खुज्जी विधायक भोलाराम साहू ने गुरूघासीदास बाबा की विधिवत पूजा-अर्चना कर लोगों के सुख-शांति की कामना की। गुरु घासीदास बाबा की जयंती कार्यक्रम के दौरान विधायक श्री साहू ने सतनामी समाज एवं ग्रामवासियों को शुभकामनाएं दी। साथ ही अतिथियों के आत्मीय स्वागत के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान राजू सिन्हा, राजकुमारी सिन्हा, चुम्मन साहू, मनोज सिन्हा, प्रतिमा साहू, ईश्वरलाल साहू, मानिकराम साहू, मनोहरलाल महिलकर, जनक महिलकर, छमिरादास, जयप्रकाश महिलकर, लक्ष्मण जगने, तेजराम कस्तुरे, अगसियाबाई, रूखमबाई पाल, रहीबाई कंवर, प्रेमसिंह महेलकर, प्रिया महेलकर, ओमिन, फिरंगी साहू, शरद पाल समेत अन्य लोग शामिल थे।

## हिंद ट्रेडर्स धमतरी द्वारा किया जा रहा था धान परिवहन

# महाराष्ट्र से आ रही धान की खेप पकड़ायी दो सौ क्विंटल धान से भरे ट्रक को किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

अवैध कारोबारियों पर लगातार पुलिसिया कार्रवाई के बीच पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह के निर्देश में मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले के बॉर्डर में 200 क्विंटल धान से भरे ट्रक को पुलिस ने जब्त किया है।



मिली जानकारी के अनुसार जिले के सीमा में हो रहे पुलिस चेकिंग के दौरान पुलिस बल ने महाराष्ट्र गढ़चिरौली जिले से छत्तीसगढ़ में खपाने के उपदेश से ला रहे धान की खेप को तलाशी के दौरान पकड़ा है। पुलिस कप्तान यशपाल सिंह के सत्य निर्देश में ताजेश्वर दीवान के मार्गदर्शन में व थाना प्रभारी उप निरीक्षक संजय मेरवी के कुशल नेतृत्व में थाना कोहका क्षेत्र अंतर्गत अवैध रूप से धान परिवहन करते 26 दिसंबर को ग्राम पौनी थाना धनोरा जिला गढ़चिरौली महाराष्ट्र से हिंद ड्रेडर्स धमतरी द्वारा परिवहन कर रहे ट्रक क्रमांक CG 08 AW 5211 को रोककर पूछताछ किया गया जिसमें अवैध रूप से धान परिवहन किया जा रहा था। पुलिस विभाग के माध्यम से खाद्य विभाग को जानकारी देते हुए खाद्य विभाग की टीम और थाना कोहका पुलिस टीम द्वारा संयुक्त कार्यवाही कर ट्रक में 500 बोरा में 200 क्विंटल धान कीमती लगभग 5 लाख 50 हजार रूपये को जब्त कर थाना कोहका में सुरक्षार्थ रखा गया है। संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी उप निरीक्षक संजय मेरावी, सउनि. कार्तिक चंद्रवंशी, प्र.आर परमेश्वर यादव,आरक्षक तामेश्वर ठाकुर, आरक्ष कतरुण नेताम, आरक्षक रामचंद्र यादव, आरक्षक हेमंत साहू, आरक्षक नरेंद्र ध्रुव का विशेष भूमिका रही।






समस्या: खम्हरिया स्थित विशाल पानी टंकी बनी शोपीस

# नल जल जीवन मिशन योजना फेल, ग्रामीणों को भारी परेशानियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या को देखते हुए शासन प्रशासन की महत्वकांक्षी योजना नल जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में पानी टंकी व नल जल कनेक्शन से घरों-घर पाइप लाइन व विशाल पानी टंकी का निर्माण जिम्मेदार ठेकेदार द्वारा कराया गया है, जो सिर्फ और सिर्फ शोपीस की तरह खड़ी है।

वहीं ग्रामीण क्षेत्र में शासन प्रशासन की महत्वकांक्षी योजना से लाखों रूपए की लागत राशि से पानी टंकी का निर्माण कराया गया वहीं ग्रामीणों को पेयजल व बुनियादी सुविधाओं की समस्या से जुझना पड़ रहा है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत खम्हरिया मे जिम्मेदार व विभागीय अधिकारियों द्वारा नल जल जीवन मिशन अंतर्गत क्षेत्र में विशाल पानी टंकी तथा नल कनेक्शन का निर्माण कराया गया है लेकिन अभी तक इन ग्रामवासियो को एक बूंद भर पानी नल कनेक्शन से नहीं मिल पा रही है। वहीं नल जल जीवन मिशन योजना क्षेत्र में पूरी तरह फैल नजर आ रही है। जिस पर ग्रामवासियों नें जिम्मेदार व विभागीय अधिकारियों को इस ओर ध्यान देने तथा जल्द से जल्द पेयजल की व्यवस्था किया जाने की मांग की गई ताकि ग्रामवासियों को शुद्ध पेयजल मिल सके। वहीं ग्रामवासियों ने क्षेत्र के जनपद अध्यक्ष पंडरिया अध्यक्ष समुंद्र सेवाराम कुर्रे साथ ही साथ जनप्रतिनिधियों को कई बार शिकवा शिकायत की गई जिससे ग्रामीणों को बुनियादी सुविधाएं मिल सकें।



### पानी की समस्या से जूझ रहे ग्रामीण

पानी की किल्लत को दूर करने के लिए सरकार की ओर से नल से जल योजना शुरू की गई है, लेकिन क्षेत्र में पानी की समस्या बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि सरकार की ओर से करोड़ों रूपए खर्च कर हर घर नल से जल पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में सुस्त रफ्तार व विभागीय अधिकारियों तथा जिम्मेदारों की भारी अनदेखी का खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। वहीं ऐसे में ग्रामवासियों को आज भी दूर दराज से पीने का पानी लाते हैं। वहीं ग्रामीणों द्वारा जनप्रतिनिधियों से कई बार गुहार लगा चुके हैं, लेकिन जिम्मेदार व विभागीय अधिकारियों द्वारा इस ओर ध्यान नही देने से ग्रामीणों को भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही साथ गांव में पानी समस्या को दूर करने के लिए उचित कदम उठाए जाने की मांग की गई।

# डॉ. तुलाराम साहू को साऊथ एशियन कॉन्ट्रिस ब्रिलियंस अवार्ड से नेपाल में किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया

उम्मीद उज्जवल भविष्य शिक्षा संघ के डॉयरेक्टर डॉ तुलाराम साहू को साऊथ एशियन कॉन्ट्रिस ब्रिलियंस अवार्ड से नेपाल में सम्मानित किया गया। जिसमें 8 देशो से प्रतिभागी आए हुए थे, जो अपने कार्यो में अलग-अलग क्षेत्रो में महारत हासिल किए हुए थे, जो अपने देश और वहां के नागरिक को रोजगार शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य किए है, ऐसे लोगो को नेपाल में सम्मानित किया गया। जिसमे भारत देश से शिक्षा और व्यवसाय के क्षेत्र लगातार वर्ष 2019 से बेहतर कार्य कर रहे छत्तीसगढ़ के मुंगेली जिले से डॉ तुलाराम साहू को सामाजिक कार्यकर्ता पुरुस्कार से 22 दिसम्बर को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री माधव कुमार, पूर्व प्रधानमंत्री बहादुर देउबा, पूर्व उपमुख्यमंत्री सुजाता कोइराला और सम्मानित अतिथि चेयरमैन नेपाल अनंदा राज बतास तथा अन्य अतिथि उपस्थित थे। डॉ तुलाराम साहू को उनके कार्य और प्रतिभा को देखते हुए उनको लगभग 6 राष्टीय और 2 अंतर्राष्टीय पुरुस्कार से सम्मानित किया जा चुका है, डॉ श्री साहू का व्यवसाय की बात करे तो अभी छत्तीसगढ़ राज्य के अलग-अलग जिलों में सकुशल रूप से चल रहे है, जिसमे बड़े पैमाने में लोगो को स्वास्थ, शिक्षा, रोजगार मिल रहे है। डॉ तुलाराम साहू को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दी गई।




न्यायालय नायब तहसीलदार 02 कुकदूर जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

//ईश्तहार//

रा.प्र.क्र............................ ब/21 वर्ष 2024-25

आवेदक बुधराम धुर्वे पिता नाऊ सिंह धुर्वे जाति गोड़ निवासी सेन्दुरखार तहसील कुकदूर जिला कबीरधाम (छ.ग.)

ईश्तहार द्वारा आम जनता ग्राम सेन्दुरखार प.ह.नं. 04 को सूचित किया जाता है कि आवेदक बुधराम धुर्वे पिता नाऊ सिंह धुर्वे जाति गोड़ निवासी ग्राम सेन्दुरखार तहसील कुकदूर जिला कबीरधाम के द्वारा तहसीलदार कुकदूर के समक्ष इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि मेरे पिता नाऊ सिंह धुर्वे पिता राम सिंह धुर्वे का मृत्यु दिनांक 10-12-1997 को ग्राम सेन्दुरखार मे हुआ है जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदान किया जावे।

इस संबंध में जिस किसी को भी कोई आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति पत्र स्वयं उपस्थित होकर दो प्रति में दिनांक 31/12/2024 समय 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। उपरोक्त निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर को अमान्य समझा जावेगा।

अतः आज दिनांक 17/12/2024 को इस हस्ताक्षर व न्यायालय की पद मुद्रा से ग्राम में ईश्तहार जारी किया गया।

जारी दिनांक - 17.12. 2024
पेशी तिथि - 31.12. 2025

मुहर

नायब तहसीलदार
कुकदूर

# हाई स्कूल भगतपुर के विद्यार्थियों को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण



■ विद्यार्थियों ने झूला, बोटिंग का उठाया लुफ्त।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विगत दिनों शासकीय हाई स्कूल भगतपुर के अध्ययनरत 55 छात्र-छात्राओं को शाला विकास प्रबंधन समिति अध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी के नेतृत्व में भिलाई मैत्री बाग एवं डोंगरगढ़ मां बम्लेश्वरी माता दर्शन कराया गया। इस भ्रमण के दौरान बच्चों को मैत्री गार्डन का जू-पार्क विभिन्न पशु-पक्षी, गार्डन का सौन्दर्य अवलोकन कराया गया साथ ही साथ विद्यार्थियों ने झूला, बोटिंग का लुफ्त उठाया। तत्पश्चात डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी माता का दर्शन कराया गया। इस शैक्षिक भ्रमण में शाला विकास प्रबंधन समिति अध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी, विद्यालय प्राचार्य रामकुमार कौशिक, व्याख्याता जोधन प्रसाद चंद्रवंशी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



**हरिभूमि पंडरिया।** पंडरिया पुलिस ने एक नाबालिग युवती के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आए आरोपी के विरूद्ध पुलिस ने धारा 376 भारतीय दंड संहिता (बीएनएस), 4, 5 (आई), 6 पॉक्सो एक्ट और बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम की धारा 9 के तहत कार्यवाही की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना सूर्यनगर, जिला बेंगलुरु (कर्नाटक) में बाल संरक्षण समिति के अधिकारी द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार एक नाबालिग लड़की ने शासकीय अस्पताल, बेंगलुरु में नवजात शिशु को जन्म दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना सूर्यनगर में धारा 376 भारतीय दंड संहिता (बीएनएस), 4, 5(आई), 6 पॉक्सो एक्ट और बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम की धारा 9 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। जांच के दौरान घटना स्थल थाना पंडरिया (जिला कबीरधाम) क्षेत्र का होने की पुष्टि होने पर अग्रिम विवेचना हेतु प्रकरण की डायरी थाना पंडरिया को प्रेषित की गई। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पंडरिया पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एक विशेष टीम गठित कर बीते गुरूवार को आरोपी की सूचना मिलने पर सुनियोजित तरीके से कार्यवाही करते हुए आरोपी लक्ष्मण सोनवानी पिता गोकुल सोनवानी आयु 24 वर्ष निवासी तेंदुआडीह थाना पंडरिया को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

## डोंगरिया खूर्द व जैतपुरी में बाबा गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम शामिल हुए : अश्वनी यदु



**हरिभूमि कोलेगांव।** शहर व क्षेत्र में 18 दिसम्बर से बाबा गुरु घासीदास की जयंती बड़ी ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। वहीं दामापुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम डोंगरिया खूर्द व जैतपुरी में धूमधाम से बाबा गुरू घासीदास जयंती कार्यक्रम एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं इस जयंती कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनपद सदस्य एवं सभापति अश्वनी यदु सहित गणमान्य नागरिक तथा जनप्रतिनिधि गण उपस्थित थें। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा गुरू घासीदास की तैलचित्र व जैतखांम की पूजा अर्चना कर बाबा गुरु घासीदास से क्षेत्रवासियों के लिए सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के दौरान अश्वनी यदु ने कहा की बाबा गुरुघासी दास को हर समाज, हर धर्म में बड़ी संख्या में मानने वाले लोग हैं बाबा घासीदास ने शुरु से ही शिक्षा पर जोर दिया, बाबा ने अपने संदेश में सम्पूर्ण समाज को बिना किसी भेद-भाव के समानता के साथ चलने की राह दिखाई। उन्होने कहा की चाहे खाने को भोजन ना हो थाली बेचना पड़े तो बेच दो जमीन में रखकर खालो लेकिन अपने बच्चों को जरूर पढ़ाओ, बाबा के बताए रास्ता कल्याणकारी है। वहीं आसपास क्षेत्र से आए पंथी नृत्य की टोलियों स्वागत करते हुए श्री यदु ने कहा की आप आने वाले पीढ़ी को पंथी गीत व पंथी नृत्य का शिक्षा जरूर देना, यही हमारी संस्कृति विरासत है, जो हमें एक धागे में पिरोकर रखा हुआ है इस सफल आयोजन हेतु अश्वनी यदु ने ग्राम डोंगरिया खुर्द एवं जैतपुरी के ग्रामवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

# कुण्डा में साहेबजादा फतेहसिंह, जोरावर सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि देकर मनाया वीर बाल दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा

विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कुण्डा में साहेबजादा फतेहसिंह जोरावर सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि देकर मनाया वीर बाल दिवस धूमधाम से मनाई। अत्याचारी के आगे तनकर मजबूती से खड़े रहने वाले, सनातन धर्म की रक्षा के लिए अपनी छोटी सी उम्र में अपने प्राणों का बलिदान कर देने वाले श्री गुरु गोविंद सिंह के चारों वीर सपूत साहिबजादा अजीत सिंह, साहिबजादा जुझार सिंह, साहिबजादा जोरावर सिंह व साहिबजादा फतेह सिंह की अमर शहादत को नमन करते हुए मुख्य वक्ता बालाराम चंद्रवंशी, सहवक्ता सचिन गुप्ता, मंडल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश सिंह ठाकुर, दिनेश मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष महामंत्री कृष्णा चंद्राकर, हरेकृष्णा शुक्ला, सचिन गुप्ता, अमन खनूजा, मनहरण साहू, रमन खनूजा, संतोष धुर्वे, राजू श्रीवास, गणेश सोलंकी, देवेंद्र चंद्रवंशी, सूरज यादव, राहुल चंद्राकर, हरेंद्र कश्यप, फिरतू साहू, साहेब लाल, मोहन साहू, एबीईओ साहू, गुरदीप सिंह मक्कड़, प्राचार्य सीएल चंद्राकर ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके द्वारा धर्म और मानवता के लिए सर्वस्व न्योछावर कर दिए बलिदान को याद किया। इस कार्यक्रम के संयोजक रमन खनूजा व कार्यक्रम का संचालन महामंत्री कृष्णा चंद्राकर ने किया, कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य गुरदीप सिंह मक्कड़ एवं समस्त स्टॉप का विशेष सहयोग रहा। इस कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।



पाठक सूचना

कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425554555, 8889139071

आवेदन आमंत्रित

पाँच (5) घंटे पन्द्रह हजार (15000)

अपने शहर अपने वार्ड के लिए रहे तैयार।

- स्वयं का वाहन होना चाहिए।
- 12वीं से स्नातक की शिक्षा।
- आवेदक आधार कार्ड, अंक सूची की छायाप्रति के साथ बायोडाटा 2 जनवरी 2025 तक जमा करें।
- किस जिले, शहर, वार्ड में कार्य करना चाहते है आवेदन में दर्शाएं।
- मासिक वेतन का भुगतान बैंक खाते में दिया जायेगा, बैंक खाता होना अनिवार्य है।

आवेदन करें

Gmail:- cir.haribhoomi@gmail.com

हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

## नवा पीढ़ी बर साहित्य संगोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

ग्राम दैहानडीह में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के समापन अवसर पर भोरमदेव साहित्य सृजन मंच कबीरधाम के संयोजन में नवा पीढ़ी बर साहित्य इस विषय पर काव्य गोष्ठी सह बौद्धिक परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अंचल के नामचीन कवि, कवयित्री एवं शिक्षाविदों की उपस्थिति में विषय वस्तु पर सारगर्भित चर्चा किया गया।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे

देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर Sorry bhai से

अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...

मो.: 7000716599, 9301831212

बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

न्यायालय नजूल अधिकारी जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

//ईश्तहार//

रा.प्र.क्र.202412082200070 अ/20 (4) वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बलवन्त सिंह ठाकुर पिता लखन सिंह ठाकुर साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम ने नगर कवर्धा स्थित भूमि खसरा नंबर 74/147 रकबा 0.0240 हे. जो कि बलवन्त सिंह ठाकुर पिता लखन सिंह ठाकुर के नाम पर अभिलेख में दर्ज है। जिसमें से आवेदक के द्वारा क्षेत्रफल 88.25 वर्गमीटर पर ग्राउण्ड फ्लोर आवासीय प्रयोजन हेतु संलग्न नक्शे के अनुसार पक्का मकान (भवन) निर्माण किये जाने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने की मांग किया है।

अतः इस अनापत्ति प्रमाण पत्र के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को उजर अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय में दिनांक 07/01/2025 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते है।

अतः आज दिनांक 24/12/2024 को इस न्यायालय के पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

जारी दिनांक - 24.12. 2024
पेशी तिथि - 07. 01. 2025

मुहर

नजूल अधिकारी
कबीरधाम

Health Town

K'sagar's श्री श्रेयन आयुर्वेद

Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564

उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment

पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561

डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित

• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग

अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### मैं हिंदू जगाने आया हूं, कार्यक्रम आज



**कवर्धा।** पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में प्रखर हिंदुत्ववादी वक्ता गौतम खट्टर का कार्यक्रम 28 दिसम्बर को आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सनातन धर्म और राष्ट्रवाद से जुड़े मुद्दों पर आधारित होगा। कार्यक्रम का मुख्य विषय मैं हिंदू जगाने आया हूं, रखा गया है। इस दौरान आयोजन को लेकर आयोजक समितियों के द्वारा पूरी तैयारियों कर लिया गया है। गौतम खट्टर अपने तथ्यात्मक और प्रभावशाली विचारों के लिए प्रसिद्ध हैं। वह सनातन धर्म की जड़ों को मजबूत करने और राष्ट्रवाद को बढ़ावा देने का संदेश देते हैं। कार्यक्रम की जानकारी देते राजकुमार वर्मा ने बताया कि यह आयोजन राष्ट्र रक्षा और सनातन धर्म की जागरूकता को बढ़ाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। उन्होंने राष्ट्रवादी और सनातनी विचारधारा के लोगों से कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की है।

### मीडिया प्रमाणन और अनुवीक्षण समिति गठित

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग, रायपुर के पत्र अनुसार नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2024-25 के अंतर्गत लोकतंत्र के लिए स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनावी प्रक्रिया को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चुनावी प्रचार-प्रसार और राजनीतिक विज्ञापनों की निगरानी के लिए जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन और अनुवीक्षण समिति गठित की गई है। समिति में अध्यक्ष कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कबीरधाम, सदस्य सचिव जिला जनसंपर्क अधिकारी कबीरधाम, सदस्य अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कवर्धा, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पण्डरिया, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बोड़ला, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) स.लोहारा और महेश मिश्रा, ब्यूरो चीफ, दैनिक हरिभूमि को सदस्य बनाया गया है।

### राशनकार्ड नवीनीकरण अब 28 फरवरी तक

**कवर्धा।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत प्रचलित राशनकार्डों का नवीनीकरण अब 28 फरवरी 2025 तक किया जा जाएगा। जिले में प्रचलित राशनकार्डों में से 10,059 राशनकार्डों का नवीनीकरण बाकी है, जिसे समय-सीमा के भीतर शीघ्र नवीनीकरण किया जाएगा। जिला खाद अधिकारी सचिन मरकाम ने निर्देशित करते हुए कहा कि जिन राशनकार्डों का नवीनीकरण बाकी है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर नवीनीकरण किया जाए। इसके बाद, नवीनीकरण किए गए राशनकार्डों का वितरण संबंधित विकासखण्ड स्तर, ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय और वार्ड स्तर पर किया जाएगा, ताकि लोगों तक राशनकार्ड की सही समय पर आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

### आम निर्वाचन के लिए सूचना प्रकोष्ठ का गठन

**कवर्धा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में नगरपालिकाओं के आम निर्वाचन को सुचारू, पारदर्शी और प्रभावी रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा सूचना प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। यह प्रकोष्ठ जिला कार्यालय में स्थापित किया गया है।

**समस्या:** करीब दो हफ्ते से क्षेत्र में चहलकदमी जारी, ग्रामीणों में दहशत


# बोड़ला वनांचल में दो शावकों के साथ बाघिन ने डाला डेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के बोड़ला विकासखण्ड अंतर्गत बैजलपुर-सिंघारी वन उप परिक्षेत्र के वनांचल ग्राम लब्दा में इन दिनो एक बाघिन ने डेरा जमा लिया है। बताया जाता है कि बाघिन के साथ उसके दो शावक भी हैं जो लगातार क्षेत्र में विचरण कर रहे हैं। क्षेत्र के ग्रामीण कई बार बाघिन और उसके शावकों को गांव के आसपास घूमते फिरते देख चुके हैं।

जिसे लेकर ग्रामीणों में भारी दहशत देखी जा रही है। हालांकि ग्रामीणों से लब्दा गांव के आसपास बाघिन की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद वन विकास निगम ने ग्राम लब्दा सहित आसपास के आबादी क्षेत्रों में कोटवार के जरिए मुनादी करा दी है और ग्रामीणों को सतर्क तथा सावधान रहने की हिदायत दे दी है। वहीं वन विभाग बाघिन और उसके शावकों पर नजर रखे हुए है। इस संबंध में क्षेत्रीय ग्रामीणों की माने तो बाघिन अपने दो शावकों के साथ बीते करीब पंद्रह दिनो से ग्राम लब्दा के आसपास मौजूद है। ऐसी आशंका व्यक्त की जा रही है कि बाघिन मध्यप्रदेश के ग्राम मवई से होते हुए बोड़ला-पंडरिया की सीमा से लगे ग्राम बाकी तथा घुंडसी से होते हुए यहां पहुंची और अब ग्राम लब्दा के आसपास डेरा डाले हुए है। इस संबंध में ग्रामीणों से सूचना मिलने के बाद वन विकास निगम के अधिकारियों ने मौका मुआयना भी किया है और गांव के आसपास कई स्थानो में बाघिन और उसके शावकों के फुट प्रिंट भी प्राप्त किए हैं। वहीं विभाग को खूफिया कैमरे से बाघिन और उसके शावकों की कुछ फुटेज भी मिली है। जिसे देखते हुए अब विभाग ने ग्राम लब्दा सहित आसपास के ईलाकों में कोटवार के जरिए मुनादी करा दी है और बाघिन तथा उसके शावकों पर नजर रखे हुए हैं।

### ग्रामीणों में दहशत व्याप्त



यहां बताना लाजिमी होगा कि इन दिनो अंचल के ग्राम खेती किसानी के कामो में व्यस्त हैं और उन्हें अपने इन कामों को निपटाने के लिए खेतों तक जाना ही पड़ता लेकिन ईलाके में बाघिन की मौजूदगी ने इन वनवासियों के सामने बड़ी समस्या खड़ी कर दी है। वहीं वन विकास निगम ने भी ग्रामीणों को आगाह किया है कि वे अकेले खेतों व जंगलो की तरफ न जाए और दिन डूबने से पहले अपने घरों में लौट आएं। ग्रामीणों बाघिन की मौजूदगी को देखते हुए अपने बच्चों को भी घरों से बाहर निकालने में गुरेज कर रहे है। कुल मिलाकर देखा जाए तो ग्रामीणों में इस समय बाघिन का खौफ देखने को मिल रहा है।

### लगातार दिखाई दे रही बाघ-बाघिन की धमक

गौरतलब है कि अभी हाल ही में विकासखण्ड पंडरिया में भी एक बाघ ने दस्तख दी थी और सीमावर्ती गांव में कई दिनो तक डेरा डाल रखा था। इस दौरान उसने पंडरिया सीमा से लगे मध्यप्रदेश के गांव में कुछ मवेशियों का भी शिकार किया था। जिसे लेकर भी पंडरिया के सीमावर्ती गांव में बसे ग्रामीणों को कई दिनो तक दहशत के बीच दिन गुजारने पड़े थे। कमोबेश वैसी ही स्थिति अब बोड़ला के वनांचल ग्राम लब्दा क्षेत्र में देखने को मिल रही है।

# घर में खड़े वाहनो में आग लगाने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

- आपसी रंजिस के चलते घटना को दिया गया अंजाम, कुकदुर पुलिस ने की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



शिकायत के आधार पर कार्यवाही करते हुए कुकदुर पुलिस ने घर में खड़े वाहनो में आग लगाकर ग्रामीणों को भारी नुकसान पहुंचाने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आरोपी के खिलाफ पुलिस ने अपराध क्रमांक 172/24 धारा 326(जी) भारतीय दंड संहिता के तहत कार्यवाही की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कुकदुर में प्रार्थी मानू मरावी पिता फागुराम मरावी आयु 40 वर्ष निवासी ग्राम रवन मंझोली, थाना कुकदुर ने 20 दिसम्बर को रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके घर आंगन में खड़ी बोलेरो कार क्रमांक सीजी 10 एनए 7985 एवं माजदा वाहन क्रमांक सीजी 09 जेजे 7891 में 19 दिसम्बर की रात लगभग 11.30 बजे आग लगा दी गई, जिससे उसे लगभग 5 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह (भापुसे) के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल (रापुसे) एवं पंकज कुमार पटेल (रापुसे) तथा एसडीओपी संजय ध्रुव (रापुसे) के मार्गदर्शन में जांच शुरू की गई। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि प्रार्थी के साथ अज्ञात दो व्यक्तियों का विवाद हुआ था। गहन जांच और मोबाइल लोकेशन के आधार पर यह जानकारी मिली कि आरोपीगण ग्राम सरगढ़ी, थाना लोरमी, जिला मुंगेली के निवासी हैं। मुख्य आरोपी दीपक धुर्वे पिता बेलसिंह ध्रुवे आयु 24 वर्ष ने बताया कि कोदवागोड़ान रोड पर प्रार्थी के बोलेरो वाहन द्वारा साइड न देने के विवाद के चलते उसने रंजिश रखते हुए अपने साथी देवेन्द्र ओट्टी और मनहरण धुर्वे के साथ मिलकर प्रार्थी के वाहन में आगजनी की। तीनों ने प्रार्थी के घर आंगन में खड़े बोलेरो और माजदा वाहन के नीचे पैरा डालकर माचिस से आग लगाई और मौके से फरार हो गए। तीनों आरोपियों ने अपराध स्वीकार किया, जिसके आधार पर प्रकरण में अपराध क्रमांक 172/24 धारा 326(जी) भारतीय दंड संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी दीपक धुर्वे, देवेन्द्र ओट्टी और मनहरण धुर्वे को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जाएगा। इस कार्यवाही में थाना कुकदुर के शिवेंद्र उपाध्याय, प्रधान आरक्षक मनोज तिवारी, आरक्षक पंचम बघेल, दुजराम सिन्द्राम और देवेन्द्र बंजारे का विशेष योगदान रहा।

# चिल्फी में फिर लगा 20 किलोमीटर लंबा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭चिल्फीघाटी



चिल्फीघाटी से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 से होकर यात्रा करने वाले यात्रियों की समस्याएं कम होने का नाम नहीं ले रही है। जानकारी के मुताबिक बीते गुरूवार की रात करीब 11.00 बजे से एक बार फिर चिल्फी से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे में जाम लग गया। जाम भी इतना लम्बा की करीब 20 किलो मीटर तक वाहनो की लम्बी लाईन लग गई। बताया जाता है कि यह जाम बुधवार की रात से शुक्रवार की शाम करीब 6.00 बजे तक लगा रहा। जिसके चलते चिल्फी से लेकर ग्राम धवईपानी तक वाहनो में फंसे यात्रियों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। यात्री पूरी रात और पूरे दिन भूखे प्यासे जाम में फंसे रहे। जाम की सूचना मिले के मौके पर पहुंची चिल्फी पुलिस को भी जाम को खुलवाने में भारी मसक्कत करनी पड़ी। जिसके करीब 20 घंटे बाद जैसे तैसे जाम को खुलवाने में सफलता मिली। यहां बताना लाजिमी होगा कि अभी कुछ दिन पूर्व भी घाटी में कुछ ऐसा ही जाम लगा था।

### पंचायत चुनाव आरक्षण कार्यवाही स्थगित, नई समय-सारणी जारी




**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर के पत्र के परिपालन में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2024-25 के तहत जिला पंचायत के सदस्य, जनपद के अध्यक्ष, सदस्य और ग्राम पंचायत के सरपंच, पंच पदों के आरक्षण की कार्यवाही के लिए पहले जारी की गई समय-सारणी को संशोधित कर नवीन समय-सारणी जारी की गई है। पूर्व में 23 दिसम्बर 2024 को जारी की गई आम सूचना के अनुसार आरक्षण की कार्यवाही 28 दिसम्बर 2024 से 29 दिसम्बर 2024 तक निर्धारित थी, लेकिन अब छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नवीन समय-सारणी के तहत आरक्षण कार्यवाही को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया गया है। पंचायत विभाग के प्रमुख सचिव ने त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2024-25 के आरक्षण कार्यवाही की नई समय-सारणी जारी की है। जारी सूची के अनुसार जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष, जनपद सदस्य, सरपंच और पंच पद के आरक्षण की कार्यवाही एवं सूचना का प्रकाशन 03 जनवरी 2025 को कलेक्टर द्वारा किया जाएगा। जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष, जनपद सदस्य, सरपंच एवं पंच पद के प्रवर्गवार आरक्षण की कार्यवाही हेतु सूचना का प्रकाशन 08 जनवरी से 11 जनवरी 2025 तक, जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष, जनपद सदस्य, सरपंच एवं पंच पद के प्रवर्गवार आरक्षण की जानकारी प्रेसित करने का कार्य 10 जनवरी 2025 को कलेक्टर द्वारा किया जाएगा। इसके साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष पद के आरक्षण की सूचना का प्रकाशन 03 जनवरी 2025 को संचालक पंचायत द्वारा किया जाएगा। 11 जनवरी 2025 को आरक्षण की जानकारी संचालक पंचायत द्वारा प्रेसित की जाएगी।

# हितग्राहियों को प्राथमिकता से ऋण उपलब्ध कराने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की तिमाही बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित हुई। कलेक्टर श्री वर्मा ने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और लक्ष्य के अनुरूप कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कम परफार्मेंस करने वाले बैंकों पर कड़ी नाराजगी जताई और कहा कि अधिक से अधिक हितग्राहियों ऋण उपलब्ध प्रदान कर लाभान्वित करें। बैठक में जिला पंचायत सीईओं अजय त्रिपाठी, रिजर्व बैंक और नबार्ड के प्रतिनिधि उपस्थित थे। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि शासन की योजनाओं के तहत बैंक द्वारा ऋण प्रदान किया जाता है इसके लिए बैंकों को लक्ष्य दिया जाता है। उन्होंने सभी बैंकों को हितग्राहियों को प्राथमिकता से ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। विभिन्न बैंक द्वारा शासन की योजनाओं के तहत बैंकों को वित्तीय वर्ष में लक्ष्य प्रदान किए गए हैं इन लक्ष्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित है, जिसमे पैसा सीधा हितग्राहियों के खाते में आता है, जिनके आहरण के लिए सुविधा उपलब्ध कराए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना के अंतर्गत गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को व्यवसाय प्रारंभ करने के लिए लागू की गई है

# चौपट व्यवस्था के बीच जंगलों पर ईंधन की निर्भरता

## जलाऊ के नाम पर धड़ल्ले से चल रही पेड़ों पर कुल्हाड़ी

- विभाग की नाक के नीचे से हो रही जंगलों से लकड़ी पार

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा





बढ़े हुए रसोई गैस सिलेण्डर के दाम, सरकारी राशन दुकानों में ठप्प पड़ी मिट्टी तेल की सप्लाई और दम तोड़ चुकी केन्द्र सरकार की उज्जवला योजना के चलते जिले में वनांचल के बासिंदे ईंधन के लिए अब भी जंगलों पर ही निर्भर नजर आ रहे हैं। इन दिनो पड़ रही कड़ाके की ठंड के बीच यह निर्भरता जंगलों पर और ज्यादा भारी पड़ रही है।

बताया जाता है कि जिले के वनांचल क्षेत्र पंडरिया, बोड़ला तथा स. लोहारा में इन दिनो लोगों द्वारा स्थानीय जंगलों से जमकर लकड़ी बटोरने का काम किया जा रहा है। वहीं कुछ लोग जलाऊ लकड़ी के नाम पर हरेभरे पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलाने से भी कोई गुरेज नहीं कर रहे हैं। हैरानी की बात तो यह है कि यह सब सरेआम और खुलेआम हो रहा है। लोग बड़ी आसानी से जंगलों में प्रवेश कर वहां से मनमाने ढंग से पेड़ों की कटाई कर उसे जलाऊ के नाम पर अपने घरों तक ला रहे हैं और इनका उपयोग ईंधन सहित अन्य कामों में कर रहे हैं।

जिले के बोड़ला तथा पंडरिया के वनांचल क्षेत्रों में हर रोज सैकड़ों लोगों को इस तरह का कृत्य करते देखा जा सकता है। जो अपनी सायकल, मोटर सायकल सहित दूसरे वाहनो में जंगलों से लकड़ियां निकाल रहे हैं। सूत्रों की माने तो इस कृत्य में कुछ पेशेवर लकड़ी तस्कर भी लगे हुए हैं। जो स्थानीय चौकीदार से लेकर वनकर्मी व अधिकारियों से मिलीभगत कर जंगलों में जलाऊ एकत्र करने के नाम पर प्रवेश करते हैं और बड़े ही सुनियोजित ढंग से जंगलों में मौजूद कीमती हरेभरे ईमारती प्रजाति के पेड़ों को काटकर उनकी लकड़ी पार कर रहे हैं।

बताया जाता है कि इन तस्करों द्वारा पहले जंगलों में अपने उपयोग के लायक कीमती पेड़ को काटा जाता है और फिर उसे वहीं सूखने के लिए छोड़ दिया जाता है। पेड़ के सूख जाने के बाद वहीं उसकी कटिंग कर उसे जलाऊ के गठ्ठे के बीच में छिपाकर पार कर दिया जाता है। जिसकी न तो वन विभाग के जांच नाके में जांच होती है और न ही कोई इन्हें रोकता और टोकता है। क्षेत्र के वन प्रेमियों ने जंगलों में हो रही इस अवैध कटाई पर अंकुश लगाए जाने की मांग शासन-प्रशासन तथा वन विभाग से की है।

**चिल्फी पुलिस ने आरोपियों से जब्त किया 12.130 किलो ग्राम गांजा**

# गांजा बेचने ग्राहक की तलाश कर रहे दो आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए चिल्फी पुलिस एक साइबर सेल की टीम ने गांजा बेंचते दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन आरोपियों के पास से 12.130 किलो ग्राम गांजा जप्त किया है। जप्त किए गए गांजा का बाजार मूल्य 1,20,000 रूपए आंका गया है। आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते गुरूवार को सायबर सेल को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि रेंगाखार-चिल्फी तिराहे में दो व्यक्ति संदिग्ध बैग लेकर ग्राहक की तलाश में खड़े हैं। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना चिल्फी और सायबर सेल की संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तथा मौके पर पहुंचकर दोनों व्यक्तियों को रोककर पूछताछ की। उनके बैग की तलाशी के दौरान पुलिस ने खाकी टेप से लिपटे 6 पैकेट बरामद किए। जिनमें कुल 12.130 किलो ग्राम गांजा पाया गया।

पूछताछ के दौरान आरोपी नरेन्द्र कामड़े 22 वर्ष निवासी दोशीटोला, थाना बिरसा, जिला बालाघाट, मध्यप्रदेश, तथा नारायण यादव 28 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 08, पोस्ट ऑफिस के पीछे, गंडई, जिला खैरागढ़ वर्तमान पता दोशीटोला, थाना बिरसा, जिला बालाघाट, मध्यप्रदेश ने बताया कि वे गांजा की बिक्री के लिए ग्राहक की तलाश में खड़े थे। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर थाना चिल्फी में अपराध क्रमांक 42/24 धारा 20 (बी) (II) (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत विधिसंगत कार्रवाई की है।

इस कार्रवाई में थाना चिल्फी से निरीक्षक उमाशंकर राठौर एवं उनकी टीम तथा सायबर सेल से निरीक्षक आशीष कंसारी, प्रधान आरक्षक चुम्मन साहू, वैभव सिंह कलचुरी, पियुष मिश्रा, आरक्षक अमित ठाकुर, आकाश राजपूत, और शैलेन्द्र निषाद ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# नवनियुक्त दुल्लापुर मंडल भाजपा अध्यक्ष का जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭कोदवागोड़ान



पंडरिया विधानसभा अंतर्गत आने वाले दुल्लापुर बाजार मंडल के अध्यक्ष नियुक्त होने पर फलित साहू का जोरदार स्वागत किया गया। तहसील साहू संघ युवा प्रकोष्ठ पंडरिया द्वारा भक्त कर्मा माता चौक कॉपादह में आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम के दौरान भारत माता के जयकारा के साथ भव्य आतिशबाजी एवं गुलाल से स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से युवा प्रकोष्ठ तहसील अध्यक्ष लोकनाथ साहू, उपाध्यक्ष यशवंत (नानू) साहू, संजय साहू, महामंत्री सुनील साहू, श्रवण साहू, मीडिया प्रभारी घनश्याम साहू, मनोज साहू, बेदराम साहू, राकेश साहू, कमलनाथ साहू, ईश्वरी साहू, नरेन्द्र साहू, अश्वनी साहू, नरेन्द्र, सुमित, अजय, नरेश, उमेश, पवन, डीकेश्वर, करन, रेखु, बबलू, धर्मराज एवं युवा प्रकोष्ठ के साथी उपस्थित थे।